दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस
RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 30 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 288 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

सीएम समेत मंत्रियों के विभाग तय

सीएम खनिज, ऊर्जा, जनसंपर्क, विजय गृह, ओपी को वित्त, अरूण संभालेंगे पीडब्ल्यूडी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 9 मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद विभागों के बंटवारे का इंतजार खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया है। सीएम विष्णुदेव साय ने बंद लिफाफे में मंत्रियों के विभागों की लिस्ट गवर्नर हाउस भेजी थी। इसे राज्यपाल ने साइन कर सामान्य प्रशासन विभाग को भिजवा दिया था। शुक्रवार देर शाम मंत्रियों के विभागों की अधिसूचना जारी कर दी गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुद के पास जनसंपर्क, खनिज, ऊर्जा और परिवहन विभाग अपने पास रखा है। वहीं डिप्टी सीएम अरूण साव को पीडब्ल्यूडी और पीएचई विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि दूसरे डिप्टी सीएम विजय शर्मा को गृह विभाग का जिम्मा मिला है। सबसे बड़ी जिम्मेदारी पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को सौंपी गई है, उन्हें वित्त विभाग, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण और योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मिला है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह और मंत्रिमंडल के गठन के बाद अब तक विभागों का बंटवारा नहीं होना चर्चा का विषय बना हुआ था। राजनीतिक पंडित मान रहे थे कि विभागों के आवंटन नहीं होने से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर दोतरफा दबाव बना हुआ है। एक ओर विपक्ष उन पर निर्णय नहीं ले पाने की बात कह कर दबाव बना रहा है दूसरी ओर रमन सिंह की सरकार में मंत्री रहे पार्टी के कद्दावर नेताओं और कई मौजूदा विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने से उनके समर्थकों का दबाव था।

दिल्ली में ही तय हुए मंत्रियों के विभाग

साय कैबिनेट में किसी क्या जिम्मेदारी दी गई है, इसका अंतिम फैसला दिल्ली में ही हुआ है। गृहमंत्री अमित शाह इसकी मॉनिटरिंग कर रहे थे। इसे लेकर शपथ ग्रहण के अगले दिन 23 दिसंबर को सीएम साय ने पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। बीजेपी के दोनों सुप्रीम लीडर्स की सूची पर मुहर लगने के बाद ही मंत्रियों के विभाग तय किए गए।

अफसर भी कर रहे थे इंतजार

छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने अपने घोषणा-पत्र को पूरा करने के लिए लोकसभा चुनाव को देखते हुए मिशन-100 की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत राज्य सरकार की 100 दिनों की कार्ययोजना निर्धारित कर दी गई है। मंत्रियों को विभागों का बंटवारा नहीं होने की वजह से अधिकारी भी विभागीय कार्यों के लिए दिशा-निर्देश का इंतजार कर रहे थे। अब मंत्रियों को विभागों का बंटवारा होने के बाद वे भी राहत की सांस ले रहे।

पीएम मोदी आज अयोध्या दौरे पर, करोड़ों की देंगे सौगात

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शनिवार को अयोध्या जाएंगे। जहां पीएम करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात अयोध्या नगरी को देंगे। चार प्रमुख पथों का भी लोकार्पण होगा। उत्तरप्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के अयोध्या आगमन की जानकारी दी। सीएम योगी ने कहा पीएम मोदी के अयोध्या आगमन में विकास के नए युग का प्रारंभ होगा। मोदी के अयोध्या दौरे को योगी ने 'अविस्मरणीय समारोह' बनाने के निर्देश दिए हैं। पीएम के आगमन पर देश को एक नया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट मिलने के साथ अयोध्या को करीब 16 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। परियोजनाओं का मुख्य फोकस श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार की सुबह अयोध्या में छह वंदे भारत व दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इनमें से अयोध्या-आनंद बिहार वंदे भारत व दिल्ली-दरभंगा अमृत भारत ट्रेन को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से व अन्य को वर्चुअल माध्यम से रवाना करेंगे। पीएम मोदी अयोध्या धाम स्टेशन पर तैयार नए भवन का भी लोकार्पण करेंगे। बता दें 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री मोदी का अयोध्या दौरा काफी अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी अयोध्या को एयरपोर्ट, हाईवे, रेलवे स्टेशन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ललन ने छोड़ा पद, नीतीश कुमार बने जेडीयू के अध्यक्ष

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में शुक्रवार को जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सक्रियता को देखते हुए मैंने ये फैसला लिया है। ललन ने ही नीतीश कुमार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) का नया अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जो सर्वसम्मति से मंजूर हो गया। राष्ट्रीय परिषद की बैठक में इसकी औपचारिक घोषणा कर दी गई है। नीतीश दूसरी बार पार्टी के अध्यक्ष बने हैं। यह जानकारी जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव दसई चौधरी ने दी। उन्होंने बताया- पार्टी के सभी नेताओं की राय थी कि प्रमुख चेहरा होने के नाते 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले नीतीश को संगठन की कमान संभालनी चाहिए। इसके बाद नीतीश ने कहा कि आप लोगों का आग्रह है तो मैं इसके लिए तैयार हूं। ललन सिंह ने कहा- मैं बहुत समय तक पार्टी अध्यक्ष रह चुका हूं। मुझे चुनाव लड़ना है, पार्टी में दूसरे काम भी करने हैं। बता दें कि 21 जुलाई 2021 को ललन सिंह को जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल 2 साल का होता है। ललन सिंह अपना कार्यकाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नेवी अधिकारियों के कंधे पर सजेगी शिवाजी की 'राजमुद्रा' का बैज

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार (29 दिसंबर) को एडमिरल, वाइस एडमिरल और रियर एडमिरल रैंक के अधिकारियों के एपॉलेट्स (अधिकारियों के कंधों पर लगने वाला बैज) का नया लोगो जारी कर दिया है। यह लोगो शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से इंस्पायर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 दिसंबर को नौसेना दिवस पर महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में इस डिजाइन को बदलने की बात कही थी। नेवी ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि भारतीय नौसेना ने एडमिरल्स एपॉलेट्स का नया डिजाइन नौसेना ध्वज से लिया है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से इंस्पायर है और यह हमारी समृद्ध समुद्री विरासत का सच्चा आईना है। नए एपॉलेट्स में मराठा शासक की राजमुद्रा को लाना गुलामी की मानसिकता छोड़ने की कोशिश है। इसे अंग्रेजी राज की नेल्सन रिंग की जगह बदला गया है।

आज बेबाक

विपक्ष के नेता अक्सर लोकतंत्र की दुहाई देते हैं। वे बोलने की आजादी छीने जाने का आरोप लगाते हैं। जब की बोल वचन करने में उनके कई बड़बोले नेता सबसे आगे रहते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को स्वच्छंदता बनाने वाले ऐसे नेता हिंदुओं की भावनाओं को आहत करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने फिर एक बार हिंदुओं पर निशाना साधा है। उन्होंने विवादास्पद बयान दिया है कि हिंदू धर्म नहीं बल्कि धोखा है। यह किसी के लिए धर्म है तो किसी के लिए धंधा है। ईश्वर ऐसे मूर्खों को सद्बुद्धि प्रदान करे।

दिल्ली-पंजाब की झांकी रिजेक्ट 'आप' ने केंद्र का बताया बदला

नई दिल्ली (एजेंसी)। गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली और पंजाब की झांकी नहीं दिखेगी। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इसे लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के साथ पंजाब की झांकी भी रिजेक्ट हुई है। यह इत्तेफाक नहीं है। केंद्र, 'आप' से बदला ले रही है। यह दुर्भावना वाला कदम है।सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार (29 दिसंबर) को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- केंद्र तीन साल से दिल्ली की झांकी रिजेक्ट कर रही है। आखिरी बार दिल्ली की झांकी 2021 में प्रदर्शित हुई थी। इस साल हम दिल्ली के स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक दर्शाने वाले थे। केंद्र ने हमे झांकी में बदलाव के सजेशन दिए थे, जो हमने किए थे। अगर झांकी में और बदलाव होना था तो केंद्र को हमें बताना चाहिए था। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने भी केंद्र पर सवाल उठाए। उन्होंने बुधवार (27 दिसंबर) को कहा था कि केंद्र ने भेदभाव किया है। जिन भी राज्यों की झांकी सिलेक्ट की गई है उनमें से 80% में भाजपा की ही सरकार है। इस पर गुरुवार को पंजाब भाजपा ने कहा था कि सीएम भगवंत इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। बीजेपी ने आरोप लगाए कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा विधायक का दावा, येदियुरप्पा सरकार में 40 हजार करोड़ का स्कैम हुआ

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक में पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा सरकार के दौरान कोविड स्कैम होने की बात सामने आने के बाद से राजनीति गरमाई हुई है। विजयपुर से बीजेपी विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने कर्नाटक में बीजेपी की सरकार के दौरान 40 हजार करोड़ रुपए के कोविड स्कैम होने का आरोप लगाया है। बसनगौड़ा के इस दावे पर कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि यदि विधायक पाटिल की मंशा दोषियों को सजा दिलाने की है तो उन्हें स्कैम से जुड़े दस्तावेज जांच आयोग (जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा कमेटी) के सामने पेश करना चाहिए। वहीं, कर्नाटक की मौजूदा सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे ने भी बसनगौड़ा पाटिल यतनाल से घोटाले से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक करने को कहा है। उन्होंने कर्नाटक के लोगों को ध्यान में रखते हुए और उनकी सुरक्षा के लिए दस्तावेजों को सार्वजनिक किया जाए। इस बीच, प्रदेश भाजपा महासचिव पी राजीव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के नेतृत्व में हुई भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई है। कर्नाटक बीजेपी ने कहा कि पार्टी की गरिमा को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 26 दिसंबर को भाजपा विधायक यतनाल ने आरोप लगाया कि येदियुरप्पा के नेतृत्व वाली पिछली भाजपा सरकार के दौरान कोविड के दौरान 40 हजार करोड़ रुपए का स्कैम किया गया। विधायक ने येदियुरप्पा के बेटे पर भी घोटाले के आरोप लगाए। यतनाल ने कहा कि यदि मुझे पार्टी से निकाला गया तो उन लोगों के नाम सामने लाएंगे, जिन्होंने पैसा लूटा और कई प्रॉपर्टियां बना लीं। बीएस येदियुरप्पा सरकार के दौरान 40 हजार करोड़ का गबन किया गया है। उन लोगों ने प्रत्येक कोरोना मरीज के लिए 8 से 10 लाख रुपए का बिल बनाया।

बंगाल में भाजपा-टीएमसी की सीधी टक्कर : ममता

कोलकाता (एजेंसी)। टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा है कि लोकसभा चुनाव में बंगाल में भाजपा को टीएमसी ही टक्कर दे सकेगी। उन्होंने कहा इंडिया पूरे देश में होगा। बंगाल में टीएमसी लड़ेगी और बीजेपी को हराएगी। ममता का यह बयान इंडिया की सीट शेयरिंग को लेकर होने वाली बैठक के पहले आया है। यह बैठक जनवरी में होने की चर्चा है। पश्चिम बंगाल में लोकसभा की 42 सीटें हैं। वहीं, महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शदर पवार) और कांग्रेस शामिल हैं। साथ ही यह पार्टियां इंडिया की भी सदस्य हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भी कहा है कि महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) बड़ी पार्टी है और राज्य की 48 में से 23 सीटों पर लोकसभा चुनाव में लड़ती आई है। इस बार भी ऐसा ही होगा, इसमें कोई बदलाव नहीं है। उद्धव ठाकरे राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और केसी वेणुगोपाल समेत अन्य नेताओ से चर्चा कर रहे हैं। बीते दिनों राहुल गांधी ने भी शरद पवार से मुलाकात की। इस दौरान शरद ने स्थानीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

मणिपुर में 30 उग्रवादी समूह फिर सक्रिय लूटे गए हथियारों से फैला रहे उग्रवाद

इंफाल (एजेंसी)। 4 दिसंबर को मणिपुर के टेंगनाउपोल जिले के लीथू गांव के पास जंगल में 13 लोगों के शव मिले थे। जांच में पता चला कि ये सभी मैतेई उग्रवादी समूह द रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ) की पॉलिटिकल विंग पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के थे और म्यांमार हथियारों की ट्रेनिंग लेने जा रहे थे। इस घटना के बाद पूरे राज्य में उग्रवादियों की मौजूदगी की पड़ताल शुरू कराई गई, जिसमें पता चला कि 3 मई से जारी हिंसा की आड़ में करीब 30 उग्रवादी समूह फिर से एक्टिव हो गए हैं। ये वे संगठन हैं, जो 2019 के बाद की गई केंद्र सरकार की सख्ती के चलते अंडरग्राउंड हो गए थे। फिलहाल राज्य में 8 मैतेई तो 18 कुकी उग्रवादी समूह सक्रिय हैं। कुछ नगा उग्रवादी भी छिटपुट घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इन सभी संगठनों के पास हिंसा के दौरान पुलिस से लूटे गए 75 प्रतिशत हथियार और 95 प्रतिशत गोलियां हैं। सीएम बीरेन सिंह की चेतावनी के बावजूद लोग हथियार सरेंडर नहीं कर रहे हैं। अब आशंका ये है कि इन उग्रवादियों की आड़ में कहीं 25 निष्क्रिय समूह दोबारा सक्रिय न हो जाएं। मणिपुर हिंसा के बाद 5,600 से ज्यादा हथियारों ने सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। 8 महिनों में अभी तक 1400 हथियार ही वापस मिले हैं। जो लूटे गए हथियारों के एक चौथाई से भी कम हैं। जबकि गोलियां तो सिर्फ 5 प्रतिशत ही मिल पाई हैं।

राघव चड्ढा नहीं होंगे राज्यसभा में पार्टी के नेता, उपराष्ट्रपति ने खारिज की अर्जी

नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राघव चड्ढा को संसद के उच्च सदन में पार्टी के अंतरिम नेता के रूप में नियुक्त करने के आम आदमी पार्टी (आप) के अनुरोध को खारिज कर दिया है। राज्यसभा में पार्टी के अंतरिम नेता के रूप में राघव चड्ढा की नियुक्ति की मांग करने वाले आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के पत्र के जवाब में, धनखड़ ने लिखा, यह पहलू संसद में मान्यता प्राप्त दलों और समूहों के नेताओं और मुख्य सचेतकों को 'सुविधा' प्रदान करेगा। 'अधिनियम 1998' और उसके तहत बनाए गए नियम। अनुरोध स्वीकार नहीं किया जा रहा है क्योंकि यह लागू कानूनी प्रणाली के अनुरूप नहीं है। सभापति के इनकार के बाद संजय सिंह राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के नेता बने रहेंगे। इस महीने की शुरुआत में, आप नेतृत्व ने धनखड़ को लिखे एक पत्र में संजय सिंह की अनुपस्थिति में चड्ढा को संसद के उच्च सदन में पार्टी के नेता के रूप में नियुक्त करने का अनुरोध किया था।

नीना सिंह बनीं सीआईएसएफ की पहली महिला चीफ

नई दिल्ली (एजेंसी)। सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएस) के डायरेक्टर जनरल का जिम्मा पहली बार एक महिला को सौंपा गया है। राजस्थान कैडर की 1989 बैच की आईपीएस ऑफिसर नीना सिंह को ये जिम्मेदारी मिली है। पूरे देश के एयरपोर्ट, दिल्ली मेट्रो और अन्य सरकारी भवनों की सिक्योरिटी उन्हीं के जिम्मे है। नीना राजस्थान पुलिस की पहली महिला डीजी भी रह चुकी हैं। नीना सिंह फिलहाल सीआईएसएफ की स्पेशल डीजी की पोस्ट पर थीं। वे 2021 में सीआईएसएफ से जुड़ी थीं। उनका रिटायरमेंट 31 जुलाई 2024 में होगा, तब तक वे सीआईएसएफ की चीफ की पोस्ट पर बनी रहेंगी। नीना सिंह 2013 से 2018 के बीच सीबीआई की जॉइंट डायरेक्टर पद पर थीं। इस दौरान उन्होंने कई हाई प्रोफाइल मामलों पर काम किया। उन्हें 2020 में अति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

बोलीविया में बस खाई में गिरी, 3 की मौत, 19 घायल

ला पाज(वार्ता)। बोलीविया की राजधानी ला पाज में एक यात्री बस के लगभग 100 मीटर गहरी खाई में गिरने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को दी। कारानावी प्रांत के यातायात विभाग के लेफ्टिनेंट विल्फ्रेडो जुआरेज ने संवाददाताओं से कहा कि फ्लोटा युंगुएना कंपनी की बस गुरुवार सुबह कारानवी से अल्टो बेनी जाने के दौरान राजमार्ग से खाई में गिर गई। राहत एवं बचाव दल और ग्रामीण तथा सीमा पुलिस ने घायलों को बचाया, जिन्हें इलाज के लिए करानवी में एक चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। इस बीच, करानवी यातायात विभाग दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहा है। हालांकि दुर्घटना के कारणों पर अभी भी कोई आधिकारिक रिपोर्ट जारी नहीं किया गया है।

एनएससीएन/जीपीआर एन ने माटे की हत्या की जिम्मेदारी ली

ईटानगर(वार्ता)। अरुणाचल प्रदेश में नागा विद्रोही समूह नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (वाईए) ने गुरुवार को खोंसा पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व विधायक यमसेन माटे की हत्या की जिम्मेदारी ली। पूर्व कांग्रेस विधायक की पिछले 16 दिसंबर को भारत-म्यांमार सीमा पर तिरप जिले के राहो गांव में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। एनएससीएन/जीपीआरएन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, 'सभी प्रकार की एनएससीएन विरोधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के कारण यमसेन माटे को 16/12/2023 को मृत्युदंड की सजा दी गई है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली-कराड

छत्रपति संभाजीनगर(वार्ता)। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ भागवत कराड ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा को गुरुवार को शहर के शिवाजीनगर, विजयनगर और भरतनगर इलाकों में प्रवेश पर उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। श्री कराड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना पर शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास की गारंटी के साथ शहर में आई है और उन्होंने कहा कि विकसित भारत में कोई भी गरीब नहीं रहना चाहिए।

पीएम विश्वकर्मा योजना के नामांकन में 55 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की

नई दिल्ली(वार्ता)। केंद्र सरकार की प्रमुख प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के कुल नामांकन में महिलाओं की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत तक हो गयी है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में अपर विकास आयुक्त डॉ. इशिता गांगुली त्रिपाठी ने हरियाणा के सोनीपत जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए जागरूकता अभियान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना 17 सितंबर को शुरू की गई थी और इसके कुल नामांकन में महिलाओं की भागीदारी 55 प्रतिशत है।

अजमेर में अयोध्या राम मंदिर के लिए बांटे जायेंगे पीले चावल

अजमेर(वार्ता)। राजस्थान के अजमेर में विश्व हिन्दू परिषद की ओर से राष्ट्रव्यापी गृह सम्पर्क अभियान के तहत आगामी एक से दस जनवरी तक अयोध्या के लिये घर-घर पीले चावल बांटने का काम किया जायेगा। अजमेर में विहिप के चित्तौड़ प्रांत के सहप्रभारी शशि प्रकाश इंदौरिया ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली बहुप्रतीक्षित श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण के लिए अक्षत के साथ भगवान राम का चित्र, आमंत्रण पत्र भी वितरित किये जायेंगे।

मुंबई में जुटेंगे 3 करोड़ मराठा, रोका तो फडणवीस के घर धरना

फिर चेतावनी देने लगे मनोज जारांगे पाटिल

नई दिल्ली। मराठा आरक्षण की मांग वाले आंदोलन के नेता मनोज जारांगे पाटिल ने करीब दो महीने की मोहलत महाराष्ट्र सरकार को दी थी। लेकिन अब यह मोहलत नए साल पर खत्म होने वाली है। उनका कहना है कि मराठा आरक्षण को लेकर अब तक सरकार ने कोई ठोस फैसला नहीं लिया है। ऐसे में अब एक बार फिर से आंदोलन होगा और मुंबई की सड़कों पर आंदोलनकारी उतरेंगे। मनोज जारांगे पाटिल के प्रतिनिधियों ने आजाद मैदान का शुक्रवार को दौरा किया। इस मैदान पर ही आंदोलन की तैयारी है। इस बीच मनोज पाटिल ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि प्रदर्शन की मंजूरी नहीं दी गई तो वह मुंबई में आमरण अनशन करेंगे।

उन्होंने मराठा समुदाय के लोगों से भी अपील की है कि वे मुंबई आएं। पाटिल ने 3 करोड़ मराठाओं को जुटाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मराठा समुदाय को बंटकर नहीं रहना चाहिए। हम सभी को गरीब मराठा बच्चों के भविष्य के लिए साथ आना चाहिए। मनोज जारांगे पाटिल ने कहा कि हम लोग तैयारी कर रहे हैं और हमें मुंबई में जगह की जरूरत है। यही नहीं उन्होंने साफकिया कि हम मुंबई में ट्रैफिक नहीं रोकेंगे और यह भी नहीं होगा कि आंदोलन को स्थगित कर दिया जाए। पाटिल ने कहा कि हम किसी भी स्थिति में अब पीछे नहीं हटने जा रहे।

मराठा नेता ने इस दौरान डिप्टी सीएम और राज्य के होम मिनिस्टर देवेंद्र फडणवीस को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि हमें रोका गया तो फिर हम फडणवीस के दरवाजे पर ही धरना देंगे। पाटिल ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि तीन करोड़ मराठा मुंबई पहुंचेंगे। मुंबई का हमारा टूर कैंसल नहीं होगा। हम मुंबई की यात्रा 20 जनवरी तक शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि मराठा समाज के करोड़ों लोग पहुंच रहे हैं। इसलिए हमें मुंबई के सारे ग्राउंड्स की जरूरत है। इसलिए यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हमें जगह दे।

गाड़ियां रोकीं तो धरना देवेंद्र फडणवीस के घर पर होगा

पाटिल ने कहा कि 20 जनवरी तक हमारे लोग मुंबई आ जाएंगे। इस दौरान यदि मराठा आंदोलनकारियों की गाड़ियों को रोका गया या फिर आंदोलन से हटाया गया तो फिर देवेंद्र फडणवीस के दरवाजे पर ही हम बैठ जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि हमारी गाड़ियां रोकी गई तो फिर अपना सामान हम कैसे ले जाएंगे? हम ट्रैक्टरों से मुंबई आएंगे क्योंकि लंबे समय तक रुकने के लिए सामान भी साथ होगा और उसे ट्रैक्टर पर ही लाएंगे। सरकार की चिंता को लेकर पाटिल ने कहा कि हम इन ट्रैक्टरों को पत्थर से नहीं भरेंगे। ऐसा होता है तो सरकार हमारे खिलाफ एक्शन ले। पाटिल ने कहा कि मराठाओं को डरने की जरूरत नहीं है।

नए साल तक राहत नहीं; दिल्ली-एनसीआर समेत इन इलाकों में घना कोहरा

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और यूपी समेत दूसरे इलाके घने कोहरे की चपेट में हैं। गुरुवार से कोहरे का प्रकोप और भी ज्यादा बढ़ गया है जिससे दृश्यता काफी घट गई है। ऐसे में लोगों को यातायात में परेशानियां उठानी पड़ रही हैं और कई ट्रेनें व हवाई जहाज भी देरी का सामना कर रहे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि 30 दिसंबर तक घना कोहरा छाया रहने वाला है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ समेत कई दूसरे इलाकों में भी कड़ाके की ठंड जारी रहेगी। ऐसे में लोगों को सर्दी से बचाव के उपाय जारी करने की अपील की गई है। साल के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर को कोहरे से कुछ राहत मिल सकती है। इस दौरान कोहरा पूरी तरह से गायब नहीं होने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक, नए साल पर भी देश के कई हिस्से घने कोहरे की चपेट में रहेंगे। साथ ही ठंड भी अपना असर बरकरार रखेगी। इसलिए लोगों को न्यू ईयर सेलिब्रेट करते वक्त इसका ध्यान रखने की सलाह दी गई है। बता दें कि बर्फीली ठंड के बीच यूपी के गौतम बौद्ध नगर जिले में स्कूल बंद हैं। जिला प्रशासन ने 29 और 30 दिसंबर को छात्रों के लिए स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। हालांकि, टीचर्स और बाकी कर्मचारी काम जारी रखेंगे। मौसम विभाग ने घने कोहरे के लिए परामर्श जारी कर चालकों को फॉग लाइट का इस्तेमाल करने के लिए कहा है। साथ ही यात्रियों को विमानन, रेलवे और राज्य परिवहन की ताजा लिस्ट को लेकर अपडेट रहने के लिए कहा है। गाड़ी चलाते समय या परिवहन के किसी भी साधन का उपयोग करते समय सावधानी बरतें।

प्रशिक्षित पायलटों की कमी के चलते तीन दिनों में 86 फीसदी फ्लाइट्स हुईं डायवर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारी से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, घने कोहरे के मौसम में उतरने के लिए प्रशिक्षित पायलटों की अनुपलब्धता के कारण दिल्ली की लगभग 86त्न उड़ानें डायवर्ट की गईं। आंकड़ों के अनुसार, 25 दिसंबर की आधी रात से गुरुवार की सुबह 6 बजे तक कुल 58 उड़ानों में से 50 को डायवर्ट किया गया, क्योंकि एयरलाइंस ने उन पायलटों की भर्ती नहीं की, जिन्हें हवाई अड्डों पर बेहद कम दृश्यता में उतरने के लिए प्रशिक्षण हासिल है। आंकड़ों से यह भी पता चला कि इस मुद्दे के कारण इंडिगो की सबसे अधिक उड़ानें डायवर्ट हुईं। इंडिगो की 13 उड़ानों को डायवर्ट किया गया क्योंकि कोहरे के मौसम में उतरने के लिए आवश्यक पायलटों की सूची नहीं बनाई गई थी। इसके बाद एयर इंडिया और स्पाइसजेट ने 10-10 उड़ानें रहीं। डेटा से यह भी पता चला कि पांच विस्तारा, तीन अकासा और दो एलायंस एयर की उड़ानों को इसी कारण से डायवर्ट करना पड़ा। इतना ही नहीं, वियतजेट, मालिंडो एयर, फ्लाई दुबई, एयर एशिया, इथियोपियन एयरलाइंस जैसी विदेशी एयरलाइंस में भी एक-एक डायवर्जन किया गया क्योंकि उनकी उड़ानें संचालित करने वाले पायलटों को खराब दृश्यता में उतरने के लिए प्रशिक्षित नहीं किया गया था। कैट III या श्रेणी III एक उपकरण लैंडिंग सिस्टम है जो विमान को कम दृश्यता वाली स्थितियों में उतरने की अनुमति देता है जहां दृश्यता 50 मीटर है जैसे बारिश, घने कोहरे या बर्फ में।

एक ही परिवार के चार लोगों ने की आत्महत्या

विशाखापट्टनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक ही परिवार के 4 सदस्यों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, वहीं एक सदस्य अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना विशाखापट्टनम के अनाकापल्ले जिले की है। मृतकों की पहचान शिव रामकृष्ण (40), उनकी पत्नी माधवी (38) और दो बेटियों के रूप में हुई है। उनकी तीसरी बेटी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस को संदेह है कि परिवार ने आर्थिक तंगी की वजह से यह कदम उठाया।

इजरायली दूतावास के पास 2 साल में 2 ब्लास्ट

जेरूसलम। इजरायली दूतावास मंगलवार के पास दो सालों में दूसरी बार ब्लास्ट हुआ। मंगलवार के राजधानी दिल्ली में हुई इस घटना की जांच जारी है। इस दौरान एनआईए यानी नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की जांच दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है। एनआईए को दोनों घटनाओं में खास समानताएं मिली हैं। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि दोनों धमाकों के तार आपस में जुड़े हैं या नहीं?

दिल्ली के चाणक्यपुरी में मंगलवार को इजरायली दूतावास से कुछ दूरी पर धमाका हुआ था। खास बात है कि यहां अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी समेत कई देशों के दूतावास भी हैं। धमाके में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन हाई सिक्योरिटी वाले इस इलाके में हुए धमाके ने जांच एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। 29 जनवरी 2021 को भी इजरायली दूतावास के पास ब्लास्ट हुआ था। अब दोनों ही मामलों में संदिग्धों को सीसीटीवी कैमरों की जानकारी जुटाते देखा गया। इसके अलावा घटना को अंजाम देने के बाद ऑटो से जाना, जामिया इलाके में शरण लेने जैसी कई बातें शामिल हैं। दोनों ही घटनाओं में मौके से पत्र बरामद हुए हैं, जिन्हें धमकीभरे लहजे में लिखा गया था। खास बात है कि साल 2021 के धमाके के संदिग्धों की पहचान होने के बावजूद उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। इस बार एनआईए ने संदिग्धों की जानकारी देने वालों को 10 लाख रुपये देने का ऐलान किया है।

मोदी सरकार ने कबाड़ बेचकर जुटाए 1200 करोड़ रुपये, 2 चंद्रयान-3 मिशन के बराबर हुई आमदनी

नई दिल्ली। चंद्रमा पर भारत के सफल चंद्रयान-3 मिशन की लागत लगभग 600 करोड़ रुपये थी। आप विश्वास करेंगे? मोदी सरकार ने कबाड़ जैसी फाइलें, खराब हो चुके ऑफिस उपकरण और पुराने वाहनों को बेचकर ऐसे दो मिशनों की लागत के बराबर पैसा इकट्ठा कर लिया है। अक्टूबर 2021 से अब तक स्क्रैप बेचकर लगभग 1,163 करोड़ रुपये कमाए गए हैं। सिर्फ अक्टूबर में 557 करोड़ रुपये की आमदनी सरकार को हुई है। अक्टूबर 2021 से केंद्र सरकार के कार्यालयों में आश्चर्यजनक संख्या में 96 लाख फाइलों को हटा दिया गया है। इन फाइलों को कंप्यूटर पर अपलोड कर दिया गया है। सरकारी कार्यालयों में लगभग 355 लाख वर्ग फुट जगह खाली कर दी गई है। इससे कार्यालयों में गलियारों की सफाई, खाली जगह का मनोरंजन केंद्रों और अन्य उपयोगी उद्देश्यों के लिए उपयोग होने लगा है। अंतरिक्ष राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस साल की शुरुआत में कहा था, रूसी चंद्रमा मिशन की लागत लगभग 16,000 करोड़ रुपये थी।

तेलंगाना में 10 सीटें और 35 प्रतिशत वोट, बीआरएस को डूबता जहात बता अमित शाह ने से किया टारगेट

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता अमित शाह ने 2024 के लोकसभा चुनाव में तेलंगाना में 10 सीटें जीतने और 35 फीसदी वोट प्रतिशत का लक्ष्य रखा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार गुरुवार को तेलंगाना में बीजेपी के मंडल अध्यक्षों के साथ हुई बैठक गृहमंत्री ने ये दावा किया। उन्होंने कहा भारत राष्ट्रीय समिति और सत्तारूढ़ दल कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है। भाजपा तेलंगाना का भविष्य है। तेलंगाना विधानसभा चुनाव में पार्टी को तीसरा स्थान मिलने पर उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए कहा कि गुजरात में भाजपा को बड़ी पार्टी के रूप में उभरने और सत्ता में आने से पहले महज दस फीसदी वोट ही मिलते थे। सूत्रों के अनुसार पार्टी कार्यकर्ताओं से गृह मंत्री ने कहा कि आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यहां दस कमल खिलने चाहिए। मालूम हो कि तेलंगाना में कुल 17 लोकसभा सीटें हैं। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में चार सीटें पर जीत हासिल की थी। भाजपा को चुनाव में करीब 20 फीसदी वोट मिले थे। बीआरएस को नौ और कांग्रेस को तीन सीटें मिली थीं।

कुछ लोग मेरे दौरे को लेकर हैरान

गृह मंत्री शाह ने कहा, तेलंगाना विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद मेरे दौरे को लेकर कुछ लोग हैरान हैं। उन्होंने कहा, तेलंगाना का दौरा तब तक करते रहेंगे जब तक राज्य में भाजपा की सरकार नहीं बन जाती है। उन्होंने पार्टी सदस्यों से कहा कि वो कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करते रहें। भ्रष्टाचार को लेकर बीआरएस और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, राज्य में सरकार भले बदल गई है लेकिन लोगों को इसका लाभ नहीं मिला है।

कनाडा में हिंदू मंदिरों पर अटैक करने वाला पकड़ा गया, दान पात्र भी लूट लेता था जगदीप पंधेर

टोरंटो। कनाडा के ओंटारियो प्रांत में बीते कुछ महीनों में हिंदू मंदिरों पर कई हमले हुए हैं। इन हमलों ने देश में सांप्रदायिक तनाव भी बढ़ाया है। अब इस सिलसिले में कार्रवाई करते हुए कनाडा पुलिस ने 41 साल के जगदीप पंधेर को अरेस्ट किया है। पंधेर ग्रेटर टोरंटो एरिया के ब्रैम्पटन में रहता है। उस पर पहले से ही कई आरोपों में केस चल रहे हैं और फिलहाल वह बेल पर बाहर था। बीते साल भी उसने कुछ पूजास्थलों को निशाना बनाया था। सिक्योरिटी सर्विलांस में देखा गया था कि एक शख्स 8 अक्टूबर को हिंदू मंदिर में घुस जाता है। इसके बाद वह मंदिर को नुकसान पहुंचाता है और वहां रखे दान पात्र से बड़ी मात्रा में कैश लेकर निकलता है। फुटेज में देखा गया था कि वह मंदिर में जा रहा है। इसके बाद जब जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि वही शख्स कई मंदिरों में इस तरह की वारदात को अंजाम दे चुका है। डरहम और ग्रेटर टोरंटो के कई मंदिरों में उसने इस तरह की हरकत की थी। पुलिस का कहना है कि भले ही ये घटनाएं मंदिरों में हुई हैं, लेकिन इन्हें हेट क्राइम या फिर नफरत के चलते अंजाम दी गई घटना नहीं कहा जा सकता। सितंबर के बाद से अब तक ओंटारियो में कम से कम 6 मंदिरों को नुकसान पहुंचाया जा चुका है।

बिहार की नीना सिंह बनीं सीआईएसएफकी पहली महिला, अनीश दयाल को सीआरपीएफ की कमान

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को नीना सिंह को सीआईएसएफ का पहला महिला महानिदेशक नियुक्त किया। उनके अलावा, आईटीबीपी प्रमुख अनीश दयाल सिंह को सीआरपीएफ का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। नीना सिंह राजस्थान कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह वर्तमान में सीआईएसएफ के विशेष महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें 31 जुलाई, 2024 को उनकी रिटायरमेंट तक के लिए तक इस पद पर नियुक्त किया गया है। नीना सिंह ने राजस्थान में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने 2013-18 के दौरान सीबीआई में संयुक्त निदेशक के रूप में भी काम किया, जहां उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव वाले कई हाई-प्रोफाइल मामलों की निगरानी की। वह 2021 से सीआईएसएफ में काम कर रही हैं। इससे पहले वह एडीजी, स्पेशल डीजी और 31 अगस्त 2023 से डीजी के रूप में काम कर रही हैं।

कोरोना का खतरा बढ़ा: बीते 24 घंटे में 797 नए मामले, 7 महीने का सबसे बड़ा आंकड़ा, जेएन.1 के कुल 145 केस

नई दिल्ली(ए.)। देश में कोरोना के बढ़ते मामले लगातार चिंता बढ़ा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के कुल 797 नए मामले मिले हैं। बता दें कि यह बीते करीब सात महीने (225 दिन) में एक दिन में मिले मरीजों का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसके साथ ही देश में कोरोना के एक्टिव मामले बढ़कर 4091 हो गए हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना से पांच लोगों की मौत हुई है।

कोरोना के नए वैरिएंट का भी खतरा बढ़ा

वहीं देश में कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। देश में गुरुवार तक जेएन.1 से संक्रमित मरीजों की संख्या 145 तक पहुंच गई है। जेएन.1 के मरीजों का यह आंकड़ा 21 नवंबर से लेकर 18 दिसंबर के बीच का है। इससे पहले देश में कोरोना के 865 मामले एक दिन में 19 मई को दर्ज किए गए थे। उसके बाद से देश में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट देखी गई, लेकिन 5 दिसंबर के बाद से फिर से कोरोना के मामले बढ़ने शुरू हो गए और अब फिर यह चिंताजनक रूप से रफ्तार पकड़ता दिख रहा है। बीते 24 घंटे में कोरोना से जो मरीज मरे हैं, उनमें 2 केरल और 1-1 मरीज महाराष्ट्र, पुडुचेरी और तमिलनाडु से है। जिन राज्यों में कोरोना के सबसे ज्यादा एक्टिव मरीज मिले हैं, उनमें केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश का नाम शामिल है। केरल में बीते 24 घंटे में कोरोना के 277 एक्टिव मरीज मिले हैं। वहीं कर्नाटक में 89, महाराष्ट्र में 104 और आंध्र प्रदेश में 22 एक्टिव मरीज मिले हैं।

देश में कोरोना से कुल 5.3 लाख मरीजों की हुई मौत

साल 2020 में जब कोरोना महामारी की शुरुआत हुई थी तो जब कोरोना लहर चरम पर थी तो देश में रोजाना लाखों लोग कोरोना संक्रमित हो रहे थे। अब तक देश में साढ़े चार करोड़ से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। बीते चार साल में देश में कोरोना से 5.3 लाख मरीजों की मौत हुई है। देश में 4.4 करोड़ से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमण से ठीक हुए हैं और रिकवरी की दर 98.81 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक कोरोना वैक्सीन की 220 करोड़ डोज दी जा चुकी हैं।

यूपी वालों के लिए खुशखबरी; अयोध्या के बाद मिलने जा रहे 9 और एयरपोर्ट, 5 का उद्घाटन जल्द

लखनऊ(ए.)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन शनिवार को किया जाएगा। यह आधुनिक सुविधाओं से लैस है और इसे राम मंदिर की वास्तुशैली के चित्रण के साथ पारंपरिक स्वरूप दिया गया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि अयोध्या के विमानतल का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से होगा। उन्होंने कहा, 'ये केवल अयोध्या, यूपी या देश के लिए महत्वपूर्ण तिथि नहीं है बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए अहम तारीख है। राम की जन्मभूमि में आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो पाए ये हमारी जिज्ञासा थी। प्रधानमंत्री का एक संकल्प था कि अत्याधुनिक हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन और सभी आवागमन की सुविधा अयोध्या में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए।' ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उड्डयन मंत्रालय के अगले 10 साल के टारगेट को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'उत्तर प्रदेश में केवल 6 हवाई अड्डे थे और अब 9 हैं। 10वें हवाई अड्डे का उद्घाटन शनिवार को होने वाला है। अगले साल तक यूपी में 9 और एयरपोर्ट होंगे, जिससे कुल संख्या 19 हो जाएगी।' सिंधिया ने कहा कि 2 महीने बाद पांच हवाई अड्डों का उद्घाटन होना है जो आजमगढ़, अलीगढ़, मोरादाबाद, श्रावस्ती और चित्रकूट में बनाए जा रहे हैं। इस तरह हमने देश में 75 नए एयरपोर्ट बनाए हैं। उन्होंने कहा कि बीते 9 वर्षों में कुल हवाई अड्डों की संख्या 149 हो गई है और 2030 तक देश में 200 के करीब एयरपोर्ट होंगे।

शहर से 15 किमी दूर अयोध्या एयरपोर्ट

बता दें कि अयोध्या का नया हवाई अड्डा मुख्य शहर से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर है। उसमें आधुनिक निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। उसे अयोध्या स्टेशन के नए भवन की तरह ही पारंपरिक स्वरूप दिया गया है। इसका मुख्य द्वार भी इसी तरह बनाया गया है। सीतापुर रोड साइड से एयरपोर्ट की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर कई पोस्टर लगाए गए हैं जिनमें प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर है और स्वागत संदेश लिखा है। इस मार्ग पर सजावटी लैंपपोस्ट लगाए गए हैं जबकि बीच में हरियाली इस क्षेत्र की आभा को बढ़ाती है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में कहा गया, 'पीएम मोदी 30 दिसंबर को यूपी के अयोध्या का दौरा करेंगे।

हिमंत सरमा ने मांगी माफी, ट्वीट भी डिलीट किया

नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। इतना ही नहीं, उन्होंने अब अपने पुराने एक ट्वीट को भी हटा दिया है। उस ट्वीट में उन्होंने लिखा था, ''ब्राह्मणों, क्षत्रियों और वैश्यों की सेवा करना शूद्रों का स्वाभाविक कर्तव्य है।÷ उनके इस पोस्ट पर विवाद खड़ा हो गया। विपक्षी नेताओं ने इसे भाजपा की मनुवादी विचारधारा करार दिया और इसकी निंदा की। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि हिंदुत्व स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के विपरीत है। ओवैसी ने कहा, यह उस दुर्भाग्यपूर्ण क्रूरता में परिलक्षित होता है जिसका असम के मुसलमानों ने पिछले कुछ वर्षों में सामना किया है।

बढ़ते विवाद के बाद हिमंत सरमा ने गुरुवार को माफी मांगी और कहा कि यह भगवद गीता के एक श्लोक का गलत अनुवाद था। उन्होंने लिखा, ÷जैसे ही मैंने गलती देखी, मैंने तुरंत पोस्ट हटा दी। महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव के नेतृत्व में सुधार आंदोलन के लिए धन्यवाद। असम राज्य एक जातिविहीन समाज की एक आदर्श तस्वीर को दर्शाता है। उन्होंने कहा, अगर हटाए गए पोस्ट से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं ईमानदारी से माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा कि वह नियमित रूप से अपने सोशल मीडिया हैंडल पर हर सुबह भगवद गीता का एक श्लोक अपलोड करते रहे हैं।

इससे पहले ओवैसी ने कहा, संवैधानिक पद पर रहते हुए आपकी शपथ प्रत्येक नागरिक के साथ समान व्यवहार करने की है। यह उस दुर्भाग्यपूर्ण क्रूरता में परिलक्षित होता है जिसका असम के मुसलमानों ने पिछले कुछ वर्षों में सामना किया है। हिंदुत्व स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के विपरीत है। वहीं, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पूछा कि क्या पीएम मोदी और राष्ट्रपति असम के सीएम हिमंत बिस्वा की जातिवादी टिप्पणियों से सहमत हैं। अगर आप उससे कुछ कहेंगे, तो वह अपनी पुलिस भेज देंगे।

न्यूज गैलरी

छात्रों के दल ने देखी अटल पर लगाई गई प्रदर्शनी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर स्थित नालंदा परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की छत्तीसगढ़ से जुड़ी स्मृतियों तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित होते छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर किया था। इस मौके पर अटल जी के व्यक्तित्व पर आधारित डॉक्युमेंट्री फ़िल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि अटलबिहारी बाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्री काल के दौरान ,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लागू कर गांवों को सड़कों से जोड़ने रोड कनेक्टिविटी बढ़ाई। आकांक्षा रेसिडेंशियल स्कूल जांजगीर के छात्रों का एक दल रायपुर भ्रमण पर आया हुआ है जिन्होंने छायाचित्र प्रर्दशनी का अवलोकन किया। स्कूल के प्राचार्य विक्रांत साहू ने बताया कि संस्था के छात्रों का एक दल रायपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान(एन आई टी) में टेक्निकल विज़िट पर आया हुआ है उन्हें जब फोटो प्रदर्शनी की जानकारी मिली तो वे यहाँ पहुँचे। विद्यार्थीगण अटल जी से जुड़ी स्मृतियों से रूबरू हुए। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने उत्साह के साथ आ रहे हैं।

ईलाज करने के नाम पर 51 हजार से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। कैलाशपुरी टिकरापारा में एक फर्जी डॉक्टर ने ईलाज करने के नाम पर 51500 रुपए वसूल कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया चेतना जैन 41 वर्ष कैलाशपुरी टिकरापारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी डॉ.आरके पठान में प्रार्थिया के यहां आकर स्वयं को डॉक्टर बताया और चर्म रोग का ईलाज करना बताया। जिससे प्रार्थिया ने अपने भाई आशीष कटारिया का ईलाज आरोपी से करवाना शुरू किया। जिससे आरोपी ने प्रार्थिया से ईलाज के नाम पर 26 हजार रुपए नकद और 24 हजार रुपए ऑनलाइन लिया। इस तरह आरोपी ने कुल 51500 रुपए लेकर धोखाधड़ी किया है। जब प्रार्थिया को ठगे जाने का अहसास हुआ, तो उसने इसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम पचेड़ा में कैन्टीन चलाने की विवाद पर तीन लोगों एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरसिंग गौड़ ब्रम्हण 38 वर्ष ग्राम पचेड़ा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सत्यवती, अमरेश व अन्य ने प्रार्थी के पास आया और यह कैन्टीन हमारा है, तुम्हे नहीं चलाने देंगे कहकर गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आारोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते दो महिला समेत 20 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने आदर्श चौक में दबिश देकर सरेआम शराब पीते आरोपी दिलीप कुमार रजक 54 वर्ष व गुलाब राय डहरिया 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी शरद सिंह राजपूत 37 वर्ष एवं आरंग पुलिस ने आरोपी बालाराम देवदास 48 वर्ष, सचिन कुमार पाण्डे 35 वर्ष, हरिशचंद मरकाम 50 वर्ष, विक्रम सिंह बघेल 29 वर्ष व ईतवारी चतुर्वेदी 59 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी मंगलूराम टण्डन 55 वर्ष, राहुल कुर्रे 42 वर्ष, नंदनी कुर्रे 33 वर्ष, सरस्वती कुर्रे 36 वर्ष, राजेश्वर बंजारे 32 वर्ष व हेमलता वर्मा 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी गोपाल विश्वकर्मा 53 वर्ष, कमल नारायण गौतम 43 वर्ष, धनेश पाल 33 वर्ष, सानु कुमार 40 वर्ष, अनील गुप्ता 43 वर्ष व विक्की सिंह 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

सीएम साय ने सपरिवार भगवान शिव और बजरंगबली की पूजा अर्चना

लैलुंगा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को रायगढ़ जिला तहसील लैलूंगा के भुईयापानी ग्राम में गुरुबाबा स्व. धनपती पंडा द्वारा स्थापित भगवान शिव और बजरंगबली के दर्शन के लिए पहुंचे और पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव और बजरंगबली से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर आगमन पर भुईयापानी ग्राम के लीला पार्टी के सदस्यों द्वारा ढोलक, शंख और मंजीरा बजाते हुवे अपने मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

मंदिर परिसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव अपनी धर्मपत्नी कौशलया देवी साय, चचेरी बहन शांता साय व अन्य परिजनों के साथ पहुंचे और नमः शिवाय के मंत्रोचार के साथ मंदिर की परिक्रमा लगाई।

मंदिर प्रांगण में भगवान बजरंगबली की मूर्ति पुराने वट वृक्ष के नीचे स्थापित है और विशालकाय प्रतिमा भी बनाई गई है। साथ ही सन 2009-10 में गुरुबाबा स्व. श्री धनपती पंडा के मार्गदर्शन में भक्तों द्वारा शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले भगवान बजरंगबली फि र गुरु बाबा और गुरु मां की प्रतिमा और भगवान शिव के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। क्षेत्र में सत्य सनातन धर्म देवी संत समाज की स्थापना भी गुरु बाबा द्वारा की गई है।

बुजुर्गों के लिए खुशखबरी, अब स्वास्थ्य कर्मी बीमारों की घर जाकर करेंगे इलाज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के सभी सीनियर सिटीजन का सालाना डायबिटीज, बीपी, हार्ट, कैंसर, मोतियाबिंद एवं कान की फ्री जांच की जाएगी। जांच के बाद सभी को फ्री में दवा भी दी जाएगी। जो बुजुर्ग अस्पताल नहीं पहुंच सकते, उन्हें अस्पताल लाने के लिए स्वास्थ्य कर्मी घर भी जाएंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वास्थ्य शिविर व दूसरे शिविर लगाए जा रहे हैं। इसमें बुजुर्गों की पहचान की जाएगी। भाजपा ने मोदी की गारंटी नाम से बनाए घोषणापत्र में बुजुर्गों के स्वास्थ्य जांच का वादा किया था। प्रदेश सरकार मोदी की गारंटी को तत्काल लागू करने जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने सीनियर सिटीजन की जांच का जिम्मा सभी सीएमएचओ को दिया है। वे अपने जिलों में मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सीएचसी में बुजुर्गों की जरूरी जांच करवाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने सभी सीएमएचओ को डोर टू डोर सर्वे करने को भी कहा है ताकि ऐसे बुजुर्गों की पहचान की जा सके, जो अस्पताल जाने में असमर्थ हैं। जो बुजुर्ग चलने-फिरने में असमर्थ हैं, उन्हें अस्पताल लाया जाएगा। साथ ही उन्हें घर भी छोड़ेंगे। जरूरत पड़ी तो घरों में ही जरूरी जांच की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में फिजियोथैरेपिस्ट के खाली पदों को तत्काल भरने को भी कहा है। ताकि जरूरत पड़ने पर बुजुर्गों की फिजियोथैरेपी कराई जा सके।

राज्य में कोरोना के 31 एक्टिव केस

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में कोरोना के नए वैरियंट का प्रसार अब डराने लगा है। राज्य में पिछले 24 घंटों के भीतर 12 नए मरीजों के सामने आने के बाद प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 31 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 0.28 प्रतिशत है। कल प्रदेश भर में 4255 सैंपलों की जांच में 12 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। प्रदेश के 06 जिलों से कोरोना संक्रमित पाए गए।

आरटीई में एडमिशन के लिए 1 मार्च से लिए जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयों में आर.टी.ई.पोर्टल के माध्यम से भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में प्रवेश की कार्यवाही के लिए समय-सारिणी जारी कर दी है। प्रवेश प्रक्रिया का प्रथम चरण 01 मार्च 2024 से प्रारंभ होगा। संचालक लोक शिक्षण ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों, संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग और जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रवेश के संबंध में समय-सारिणी के अनुसार कार्य संपादित करने के निर्देश दिए हैं।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा संबंधित अधिकारियों को जारी पत्र में कहा गया है कि पूर्व में भी इस कार्यालय द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया और ऑनलाइन पद्धति के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में अधिनियम के प्रावधान अंतर्गत नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण, मान्यता संबंधी कार्यवाही पूर्ण करना, आरक्षित सीटों का निर्धारण, प्रवेश एवं सूचना के लिए आवेदन प्राप्त करना, आवेदन पत्रों की समीक्षा तथा प्रचार-प्रसार, आबंटन प्रक्रिया, शुल्क की प्रतिपूर्ति व प्रक्रिया के लिए समय-सारिणी का ध्यान रखा जाए। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा शिक्षा के अधिकार के तहत निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार स्कूल प्रोफ ईल अपडेट कार्य 01 फ रवरी 2024 से 28 फरवरी तक होगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन का कार्य 01 फ रवरी 2024 से 28 फरवरी तक किया जाना है। प्रथम चरण में छात्र पंजीयन आवेदन 1 मार्च से 15 अप्रैल तक होगा। नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 18 अप्रैल से 17 मई तक की जाएगी। लॉटरी एवं आबंटन 20 मई से 30 मई तक होगा और स्कूल में दाखिले की प्रक्रिया 01 जून से 30 जून तक की जाएगी। इसी प्रकार द्वितीय चरण में प्रवेश की प्रक्रिया 01 जुलाई से 2024 से प्रारंभ होगी। नवीन स्कूल पंजीयन आवेदन कार्य 15 जून से 30 जून तक होगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन 15 जून से 30 जून तक किया जाएगा। छात्र 01 जुलाई से 8 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। नोडल अधिकारियों द्वारा 9 जुलाई से 15 जुलाई तक दस्तावेजों की जांच की जाएगी। लॉटरी एवं आबंटन की कार्यवाही 17 जुलाई से 20 जुलाई तक होगी और स्कूल दाखिला प्रक्रिया 22 जुलाई से 31 जुलाई तक की जाएगी।

छत्तीसगढ़ में जोरदार बारिश के साथ होगी ओलावृष्टि

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में इन दिनों मौसम शुष्क बना हुआ है। हवाओं का रुख बदलने से रात के तापमान में उछाल आने लगा है। ऐसा हुआ है वर्तमान में पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से। इस वजह से ठंड से भी राहत मिल गई है। वातावरण में नमी रहने के कारण सुबह के समय उत्तर के जिलो में कोहरा छा रहा है। अगले दो तीन दिन मौसम इसी तरह रहने की संभावना है। वहीं 29 दिसंबर से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर के कारण 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक प्रदेश में अनेक स्थानों पर बादल, बारिश के साथ ओलावृष्टि के आसार बने हुए हैं। इस दौरान रात का पारा दो से तीन डिग्री और बढ़ सकता है। मौसम विज्ञानी का कहना है कि इस समय उत्तर से ठंडी हवा आ रही है, जबकि पूर्व से गर्म हवा चल रही है। दोनों हवाओं के मिलन के कारण कोहरे की स्थिति बन रही है, वहीं पूर्वी हवा के चलते पूरी तरह से सर्द हवा का प्रवेश नहीं हो रहा है। इसके कारण तापमान में बहुत ज्यादा गिरावट नहीं हो रही है। अभी एक दो दिन मौसम का मिजाज इसी तरह रहेगा। वहीं नए साल का शुरुआती सप्ताह तक मौसम में उतार-चढ़ाव दिखेगा। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो तीन दिन मौसम इसी तरह रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में हल्का उतार चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। इसके बाद 29 दिसंबर से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। यह विक्षोभ मजबूत होने की संभावना है, ऐसे में इसके असर के कारण 30 दिसंबर से 2-3 जनवरी तक प्रदेश में अनेक स्थानों पर कई जिलों में बूंदाबांदी के साथ ओलावृष्टि की भी संभावना हो सकती है।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के लक्ष्यों को समय-सीमा में करें पूरा: दास

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को समयसीमा में पूरा करने के संबंध में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के उपमहानिदेशक बिस्वजीत दास और आदिम जाति विभाग की आयुक्त शम्मी आबिदी की अध्यक्षता में प्रदेश के संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उपमहानिदेशक जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार बिस्वजीत दास ने कहा कि पीएम जनमन योजना विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के संर्वागीण विकास की दिशा में केन्द्र सरकार की एक महती योजना है। योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए सभी नोडल विभागों को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है, तभी योजना के लक्ष्यों को पूर्णता से प्राप्त किया जाना संभव होगा। इसके लिए प्रत्येक पीवीटीजी बसाहट का पूर्णता से सर्वे किया जाना आवश्यक है, ताकि उस क्षेत्र विशेष में संबंधित सुविधाओं को पहुंचाया जा सके।

आयुक्त शम्मी आबिदी ने सभी नोडल अधिकारियों को पीएम जनमन योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए समय-सीमा में काम करने पर जोर दिया। इस योजना के अंतर्गत आज नोडल अधिकारियों के साथ यह पहली बैठक थी।

फंदे पर लटकी मिली परिवार के 3 लोगों की लाश, कांग्रेस ने बनाई जांच कमेटी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के मठपुरैना इलाके के बीएसयूपी कॉलोनी में एक ही परिवार के 3 लोगों के फ ांसी लगाकर आत्महत्या को लेकर समिति गठित की है। 6 सदस्यीय इस समिति में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय संयोजक होंगे। ये समिति पूरी गठन की बारीकी से जांच करेगी और रिपोर्ट कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज को सौपेगी। दरअसल, रायपुर के मठपुरैना इलाके के बीएसयूपी कॉलोनी में एक ही परिवार के 3 लोगों ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। एक ही फंदे पर तीनों की लाश लटकती मिली। तीनों ने आत्महत्या दो से तीन दिन पहले की है। जब घर से तेज बदबू बाहर आई तो पड़ोस के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। कांग्रेस पार्टी ने जांच के लिए 6 सदस्यीय समिति बनाई है। समिति में विकास उपाध्याय संयोजक हैं, वहीं गिरीश दुबे, प्रमोद दुबे, नंदकुमार सेन, पार्वती साहू और डॉ करूणा कुर्रे समिति के सदस्य बनाए गये हैं। गुरुवार रात साढ़े 10 बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली कि एक घर के अंदर तीन लोगों ने सुसाइड कर लिया है। पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के अंदर कमरे में तीन लाश लटक रही थी। ये लाश 48 साल के लखन लाल सेन, 42 साल की रानू सेन और उनकी 14 साल की बेटी पायल सेन की थी। तीनों ने गले में नायलॉन की रस्सी के सहारे आत्महत्या की। लाश के आसपास खून के कुछ छींटे भी मौजूद थे। अनुमान है कि मौत के बाद ये उनके नाक और मुंह से निकले होंगे। मृतक के पड़ोस में रहने वालों के मुताबिक जब घर से उन्हें तेज बदबू आई तो पहले तो उन्हें लगा ये आसपास मौजूद कूड़ा से आ रही है। लेकिन घर के अंदर से ये बदबू और तेज हुई तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने जब खिड़की के सहारे घर के अंदर झांका तो उनके होश उड़ गए। वहां पर घर के तीनों सदस्यों की लाश लटक रही थी। मौके पर पहुंची टिकरापारा थाना पुलिस को लाश की हालत देखकर आशंका है कि परिवार ने सुसाइड 2 से 3 दिन पहले किया है। क्योंकि लाश का रंग काला हो चुका है। मृतकों के शरीर से तेज बदबू आ रही है। साथ ही पड़ोसियों का भी कहना है कि उन्होंने परिवार को बीते 48 घंटों से देखा नहीं था। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, परिवार का आसपास के लोगों के साथ बहुत ज्यादा उठना बैठना नहीं था। वे अपने काम से ही मतलब रखते थे। घर की महिला और बच्ची भी पड़ोसियों के साथ बहुत ज्यादा घुलती-मिलती नहीं थी। परिवार का मुखिया लखन सेन का भी किसी से कोई बड़ा विवाद फि लहाल सामने नहीं आया है। जो उसके मौत की वजह बने।

पुष्करणा प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का मंत्री बृजमोहन ने किया शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। खेल का मैदान ऐसी जगह है जहां आकर व्यक्ति अपने जीवन के सारे तनाव और परेशानियों को भूल जाता है वह बस खेल का आनंद लेता है। ये कहना है छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का जिन्होंने गुरुवार को रायपुर के सुभाष स्टेडियम में पुष्करणा प्रीमियम लीग सीजन 4 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बल्लेबाजी पर भी हाथ आजमाया। मौके पर उपस्थित आयोजकों, खिलाड़ियों, दर्शकों और समाज के लोगों को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, खेल का मैदान बहुत कुछ सीखता है। जीवन में अनुशासन और संयम हमें खेल के मैदान से सीखना चाहिए। यहां अलग प्रकार का अनुशासन होता है जो व्यक्ति घर और बाहर किसी की नहीं सुनता वह खेल के मैदान में अंपायर द्वारा आउट देने या रेफरी के द्वारा फाउल देने पर तुरंत मान जाता है और बाहर चला जाता है। हम सभी को खेलों से सबक लेना चाहिए। जो खेलेगा वही हारे या जीतेगा। हारने पर निराशा नहीं होना चाहिए ना ही जीतने पर अति उत्साहित होना चाहिए जिंदगी में संयम बहुत जरूरी है। उनका यह भी कहना था राजनीति भी एक खेल का ही मैदान है जिसमें कभी हार होती है तो कभी जीत लेकिन हारने पर हमको बैठना नहीं चाहिए बल्कि अपने संघर्ष को जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि, इस प्रकार के खेल आयोजन के जरिए युवाओं में एकता और सामाजिक सद्भाव की भावना पैदा होती है। बृजमोहन अग्रवाल ने आयोजन के लिए पुष्टिकर ब्राह्मण समाज को बधाई दी और आगे भी इस प्रकार के आयोजन जारी रखने का सुझाव दिया। पुष्करणा प्रीमियर लीग का आयोजन समाज के युवाओं में खेल प्रतिभा का विकास करने के लिए किया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा राजस्थान और गुजरात से भी खिलाड़ी हिस्सा लेने आ रहे हैं।

घर का सपना होगा पूरा, आरडीए ने शुरू की नई हाउसिंग स्कीम

रायपुर/नवप्रदेश। आरडीए की ओर से गरीब परिवारों के लिए सस्ती आवास योजना शुरू की गई है। इसके अंतर्गत 5.50 लाख रुपये में गरीबों को पक्का मकान दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस योजना के अंतर्गत 138 ईडब्ल्यूएस 2 बीएचके फ्लैट्स लाटरी के माध्यम से आवंटित किए जाएंगे। इन फ्लैट्स का कारपेट एरिया 322 वर्गफीट है और मूल्य 5.45 लाख रुपये है। मकानों के आवंटन के लिए 19 जनवरी की शाम को लाटरी निकाली जाएगी। आरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने बताया कि रायपुर विकास प्राधिकरण की विक्रय की जाने वाली सभी संपत्तियों के लिए कोई भी एजेंट, दलाल या ब्रोकर की नियुक्ति नहीं की गई है। संपत्तियों की जानकरी के लिए आरडीए कार्यालय की मार्केटिंग शाखा में संपर्क किया जा सकता है। फ्लैट्स कौशल्या माता विहार में स्थित है, जो धमतरी मुख्य मार्ग से सिर्फ500 मीटर की दूरी पर है। यह लोगों के लिए सुविधाजनक है। रायपुर विकास प्राधिकरण लोगों को सुरक्षित और साफ-सुथरे आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इनको मिलेगा मकान

आरडीए के अनुसार यह आवास योजना केवल उन लोगों के लिए है, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक है। साथ ही परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर पक्का मकान न हो, परिवार रायपुर नगर निगम सीमा का निवासी हो। आवेदनकर्ता का स्वयं का निवास नहीं होने की दशा में निवास के संबंध में शपथ पत्र अथवा किरायेदारी अनुबंध प्रस्तुत करना होगा

योजना का लाभ लेने पंजीयन शुरू

इस योजना में भाग लेने के इच्छुक लोग 500 रुपये का भुगतान कर पंजीयन आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। वहीं 27 दिसंबर से आठ जनवरी तक पंजीकृत हो सकते हैं। पंजीयन राशि 20 हजार रुपये है, जो बैंकर्स चेक/डीडी के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकरी रायपुर विकास प्राधिकरण के पक्ष में देय होगा। पंजीयन आवेदन एवं राशि 10 जनवरी तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास जमा की जा सकती है।

पीएम आवास योजना ने धनेश्वरी के कच्चे मकान को पक्के मकान में बदल दिया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए घर बनाने के सपने को साकार कर रही है। महासमुंद जिले के ग्राम गड़बेड़ा की श्रीमती धनेश्वरी साहू का पक्के मकान का सपना पूरा हो गया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि उनका गांव गड़बेड़ा जनपद पंचायत पिथौरा अंतर्गत जिला महासमुंद मुख्यालय से 55 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पहले उन्हें कच्चे और जर्जर मकान में अपने परिवार के साथ रहना पड़ता था। उनका जीवन बहुत ही कठिनाई से भरा रहा प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली और अपना पंजीयन प्राथमिकता से करा लिया। धनेश्वरी साहू को 2016-17 में आवास स्वीकृति दी गई। तीन किश्त के रूप में उन्हें एक लाख 20 हजार रूपए आवास बनाने के लिए राशि दी गई। प्रथम किस्त की राशि 48000 रुपये एफटीओ के माध्यम से अंतरित की गई।

संपादकीय

धर्मान्तरण करने वालों को आरक्षण क्यों

देश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है ताकि उनका पिछड़ापन दूर हो आजादी के बाद से संविधान में इनके लिए पहले सिर्फ 10 साल के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। जिसे हर 10 साल के बाद बढ़ाया जाता रहा है और अब तो आरक्षण की व्यवस्था स्थायी सी हो गयी है। पिछले 7 दशकों से अनुसूचित जाति और जनजाति को सरकारी नौकरी को लेकर पदन्नोति तक आरक्षण मिल रहा है। शैक्षणिक संस्थाओं में भी इन्हें आरक्षण मिलता है। इसके बावजूद अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का विकास उस गति से नहीं हो पाया जैसे की उम्मीद की गयी थी। खासतौर पर वनांचलों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति के लोग आज भी विकास की दौड़ में पिछड़े हुए हैं। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें अनुसूचित जनजाति के कल्याण को ध्यान में रखकर अनेक योजनाएं बनाती है और उसे धरातल पर उतारती भी है किन्तु इसका समुचित लाभ उन आदिवासियों तक नहीं पहुंच पाता। यह न सिर्फ सोच का बल्कि शोध का विषय हैं। इसकी एक वजह तो यह भी है कि धर्मान्तरण कर लेने वाले आदिवासी दोहरा लाभ उठाते हैं क्योंकि उन्हें ईसाई मिशनरियां आर्थिक मदद मुहैया कराती हैं और उनके बच्चों के लिए शिक्षा की बेहतर व्यवस्था करती है। धर्मान्तरण कर चुके ऐसे आदिवासी आरक्षण का पूरा लाभ उठाते हैं। यही वजह है कि धर्म बदलने वाले आदिवासियों को आरक्षण का लाभ न देने की मांग समय समय पर उठती रही हैं। अब इसके लिए जनजाति सुरक्षा मंच ने बाकायदा ये आंदोलन शुरू कर दिया हैं। जनजाति सुरक्षा मंच का कहना है कि जिन आदिवासियों ने धर्म बदलकर आर्थिक लाभ अर्जित कर लिया हैं। उन्हें आरक्षण की सूची से बाहर किया जाना चाहिए क्योंकि वे आरक्षण का लाभ तो ले ही रहे हैं। साथ ही धर्म बदलने के बाद वे सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं का फायदा भी उठाते हैं। जो परस्पर विरोधाभाषी है और आरक्षण के नियमों के खिलाफ है। जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा जारी किए गए आकंड़ों के मुताबिक धर्मान्तरण करने वाले आदिवासियों की संख्या लगभग 20 प्रतिशत है जबकि सरकारी नौकरियों में इनकी संख्या 90 प्रतिशत है इसलिए इन्हें आरक्षण का लाभ दिया जाना उन आदिवासियों के साथ घोर अन्याय है। जो आज भी विकास से कोसों दूर है। अब इस मांग को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ रहा है। बहुत जल्द देश की राजधानी नई दिल्ली में राष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश भर के आदिवासी नेता जुटेंगे और धर्मान्तरण कर चुके आदिवासियों को आरक्षण का लाभ बंद कराने की पूरजोर मांग उठाएंगे ताकि देश की लगभग 700 मूल जनजातियों को आरक्षण का लाभ मिल सके और उनका विकास हो सके। वास्तव में आदिवासी संगठनों की यह मांग वाजिब है। धर्मान्तरण करने वाले आदिवासियों को दोहरा लाभ मिलना न्याय संगत नहीं है। सरकार को चाहिए की वह जनजाति सुंरक्षा मंच की न्यायोचित मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार करे ताकि वास्तविक आदिवासियों को जो आज भी हिंदू धर्म को मानते हैं। उनकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो अन्यथा अनुसूचित और जनजाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था चाहे जितनी भी समय के लिए बढ़ा दी जाए इसका लाभ मुट्ठी भर लोगों को ही मिलेगा।और बड़ी संख्या में वास्तविक हितग्राही इसके लाभ से वंचित रहेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए की केन्द्र सरकार इस मुद्दे पर जल्द से जल्द फैसला लेगी। इसके पहले कि आदिवासी संगठन अपनी इस मांग को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ने पर विवश हो जाए सरकार को उनकी मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करना चाहिए।

स्त्री शक्ति के महत्व से ही राष्ट्र निर्माण में चौतरफा विकास

संजीव ठाकुर

भारतीय संस्कृति और इतिहास में स्त्रियों को सदैव उच्च स्थान प्रदान किया गया हैद्य यह भी मान्यता मानी गई है कि जिस घर में स्त्री का सम्मान होता है, वह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो कर समाज में विशिष्ट स्थान बनाता हैद्य यहां कारण है कि भारत देश को भारत माता कहा जाता हैद्य नारी तथा समस्त स्त्री जाति ने भारत देश का मान सदैव शीर्षस्थ बना कर रखा है ऐसे अनगिनत उदाहरण इतिहास में और वर्तमान में हमारे समक्ष हैं जिससे हमारा सिर सदैव वैश्विक स्तर पर ऊंचा हुआ है। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सदुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है।

अपराधों से जूझती आधी आबादी

योगेश कुमार गोयल

कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी-दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों, छेड़छाड़, मर्यादा हनन या फिर अपहरण, क्रूरता, आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती। स्पष्ट है, केवल कानून कड़े कर देने से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं कसी जा सकेगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने के साथ उसकी जबाबदेही सुनिश्चित करें। ऐसे मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन की जिस तरह की भूमिका सामने आती रही है, वह काफी हद तक इसके लिए जिम्मेदार है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का काम करती रही है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के खिहलाफ अपराधों में कमी होगी?

'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो' प्रतिवर्ष महिलाओं पर अपराधों की रिपोर्ट जारी करता है लेकिन इससे प्रेरित होकर कहीं कोई कार्रवाई होती नहीं दिखती। विचित्र यह है कि महिलाओं पर होने वाले अपराधों में उत्तर भारत के राज्य हर बार 'बाजी' मार लेते हैं। क्या कहते हैं 'एनसीआरबी' के ताजा आंकड़े? बता रहे हैं वरिष्ठ पत्रकार योगेश कुमार गोयल।

'एनसीआरबी' (राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना भी दावा करे, वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध में दिल्ली लगातार तीसरे साल 19 महानगरों में सबसे आगे है। सभी राजनीतिक दल चुनावों में घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों पर 'एनसीआरबी' के आंकड़ों से साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। विडंबना है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपी निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसद क्रूरता, 19.2 फीसद अपहरण, 18.7 फीसद बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसद बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान में, 3690 मामले उत्तरप्रदेश, 3029 मध्यप्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए।

दिल्ली और राजस्थान जहां महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित राज्य हैं, वहीं दहेज के लिए जान लेने वालों में पहले स्थान पर उत्तरप्रदेश और दूसरे पर बिहार है। उत्तरप्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई, जबकि मध्यप्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की हत्या दहेज के लिए की गई। 'एनसीआरबी' के अनुसार प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसद से बढ़कर 2022 में 66 फीसद हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए। ये 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसद ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? कितनी चिंतनीय स्थिति है कि जिस भारतीय संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है, वही नारी घर में भी सुरक्षित नहीं है। परिजनों के हाथों घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, झूठी शान के लिए हत्या, बलात्कार और सहजीवन में जान गंवाने के मामले में स्थिति काफी दयनीय है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि महिलाएं न परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं।

'राष्ट्रीय महिला आयोग' के आंकड़े देखें तो 2023 के 19 सितंबर तक ही महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जिनके इस वर्ष के अंत तक बढ़ने की संभावना है। वर्ष 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थी। वर्ष 2014 में 30,906 और 2021 में महिलाओं के खिलाफअपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थी। आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायत दर्ज की। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में 'निर्भया कांड' के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए, उससे लगा था कि समाज में संवेदनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के हौसले पस्त होंगे, पर शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले सामने न आते हों। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैर-जिम्मेदाराना रवैया दिखता है। यह निश्चित रूप से कानून-व्यवस्था और पुलिस- प्रशासन की उदासीनता का ही नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में शायद ही कभी खौफ दिखता हो।

कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी-दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों, छेड़छाड़, मर्यादा हनन या फिर अपहरण, क्रूरता, आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती। स्पष्ट है, केवल कानून कड़े कर देने से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं कसी जा सकेगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने के साथ उसकी जबाबदेही सुनिश्चित करें।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1706 पुडुचेरी के संस्थापक व भारत में फ्रांसिसी उपनिवेश के पहले गवर्नर जनरल मार्टिन का निधन हुआ। 1861 अमेरिकी बैंक ने सोने के ऊपर भुगतान बंद किया। 1870 स्पेन के प्रधान मंत्री की हत्या कर दी गयी। 1880 ट्रांसवाल एक गणतंत्र राज्य घोषित करने के बाद पॉल क्रूगर आईसीटी इसके पहले राष्ट्रपति बने। 1904 पूर्वी बोस्टन सुरंग को खोला गया। 1906 भारतीय उपमहाद्वीप पर पाकिस्तान आसा मुस्लिम राज्य के निर्माण के पीछे ब्रिटिश इंडियाहट में एक राजनीतिक दल, अखिल भारतीय मुस्लिम लीग, एक प्रेरक दल के रूप में विकसित हुआ।1922 रूस की क्राति के बाद वहां स्स्क्रयानि 'यूनियन ऑफसोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक्स' की स्थापना हुई। करीब 7 दशकों तक एक बेहद शक्तिशाली कम्युनिस्ट राष्ट्र के रूप सोवियत संघ का अस्तित्व रहा। 1935 इटली के लड़ाकू विमानों के बम हमले में अफ्रीकी देश इथोपिया स्थित स्वीडन की रेड क्रास इकाई ध्वस्त हुई। 1938 वीके जोरिकिन ने इलेक्ट्रॉनिक टेलीविजन सिस्टम का पेटेंट कराया।

QUIZ TIME

1) किस देवता की उपासना तमिलों ने सबसे पहले शुरू की थी, तमिलों के सबसे प्राचीन देवता कौन थे?

2) हरियाणा के पहले राज्यपाल कौन थे?

3) सिकन्दर के हमले के समय उत्तर भारत पर किस राजवंश का शासन था?

4) विश्व की सबसे लंबे रिफ्ट घाटी कौन-सी है?

5) हाल ही में किसने टैगोर साहित्य पुरस्कार 2023 जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मुरुगन (2) धर्मवीरा (3) नन्द (4) ग्रेट रिफ्ट घाटी (5) उषा प्रियंवदा

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -288

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 287 का हल

अं	त		म	री	ज			
ग	ह	न	ता		ब	र	ब	स
	की		धि	क्का	र		र	मा
	का		का		द	वा	खा	ना
प	त	वा	र		स्त	र		
ह						दा	मि	नी
ना		ए	ह	ति	या	त		लां
वा	च	क		हा			खू	ब
		ता	ब	ड़	तो	ड़		र

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:19, सूर्यास्त : 05:38, चन्द्रोदय : 19:31, चन्द्रास्त : 09:10, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : आश्लेशा, योग : विष्कुम्भ, प्रथम करण : गर (07:59 तक), द्वितीय करण : वणिज (20:47 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : कर्क, मंगल : धनु (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 1:58 से 12:39, अमृत काल : 20:12 से 21:57, विजय मुहूर्त : 14:01 से 14:42, गोधूलि मुहूर्त : 17:23 से 17:50, सायाह्न सन्ध्या : 17:26 से 18:48, निशिता मुहूर्त : 23:51 से 24:46, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 14:52 से 16:09, दुर्मुहूर्त : 09:15 से 09:56, होमाहुति : मंगल, दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : पृथ्वी (07:59 तक), भद्रावास : मृत्यु (20:47 से), चन्द्रवास : उत्तर।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपको धैर्य से बिताने की सलाह है। आज आप निरंतर मिल रही असफलता अथवा कलह-क्लेश के वातावरण से क्षुब्ध होकर अनुचित कदम उठा सकते है।

वृषः आज के दिन आपको धन लाभ के योग बन रहे है लेकिन आज आपके बनते कार्यो में टांग अड़ाने वालो का भी सामना करना पड़ेगा।

मिथुनः आज आपका संतोषी स्वभाव आपको बेवजह की उलझनों से दूर रखेगा फिर भी आज किसी के दबाव में आकर आपको कोई अप्रिय कार्य करना पड़ेगा मन में इसका पश्चाताप भी रहेगा।

कर्कः आज का दिन आपको मिला जुला फल देगा।

सिंहः आज आपका ध्यान मनोरंजन पर अधिक रहेगा आज आपकी मानसिकता भी कम परिश्रम से अधिक लाभ पाने की रहेगी।

कन्याः आज का दिन आपके लिए सुख-समृद्धि दायक रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे आरम्भ में लाभ-हानि को लेकर भ्रम पैदा होगा।

तुलाः आज अधूरे कार्यो को पूर्ण करने का दिन है अगर आज आलस्य किया तो बाद में पछताना पड़ेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आप लापरवाह अधिक रहेंगे फिर भी लाभ आज किसी ना किसी रूप में अवश्य हो जाएगा।

धनुः आज के दिन भी सुख शांति की कमी रहेगी। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे उसमे भाग दौड़ अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक करनी पड़ेगी।

मकरः आज का दिन भी आपके लिए शुभफलदायी रहेगा। पूरानी रुकी योजना आज सिरे चढ़ने से राहत मिलेगी।

कुंभः आज भी परिस्थितियां आपकी आशाओ के अनुकूल रहेंगी। लेकिन आज आपका सनकी स्वभाव कुछ ना कुछ हानि भी करायेगा।

मीनः आज के दिन आपकी वैचारिक स्थिति प्रखर रहेगी सार्वजनिक कार्यो में सम्मानित होंगे आपकी छवि भी बुद्धिमानो जैसी बनेगी।

न्यूज गैलरी

इलाजरत आरक्षक का निधन

दुर्ग। पुलिस के लिए एक दुःखद खबर सामने आयी है। दुर्ग पुलिस महकमे का आरक्षक एवन बघेल क्रमांक 484 का स्वर्गवास आज 29 दिसंबर को हाइटेक हॉस्पिटल में सुबह 10:30 बजे हो गया है। विगत दिनों वरिष्ठ अधीक्षक रामगोपाल गर्ग ने अस्पताल जाकर चिकित्सकों से उसके स्वास्थ्य लाभ के संबंध में चर्चा की थी और आईसीयू में भर्ती आरक्षक को देखा साथ ही परिजनों से भी उन्होंने चर्चा की और आश्वासन दिया कि पुलिस महकमा उनके साथ खड़ा है।

शराब का अवैध परिवहन, दो गिरफ्तार

भिलाई। थाना भिलाई-3 अंतर्गत अवैध शराब परिवहन करते एक तस्कर पकड़ा गया है। आरोपी के कब्जे कुल 74 पौवा शराब मिली है। प्रकरण में पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन भी जपत कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि पुरैना की तरफसे दो व्यक्ति मोटर साइकिल में अवैध शराब लेकर जा रहे है। सूचना पर पुलिस घेराबंदी कर घटनास्थल सिरसा गेट चौक के पास मोटर साइकिल को रोककर पूछताछ करने और तलाशी लेने पर इतवारी ढीमर व महेश ढीमर निवासी निवासी बाजार चौक भिलाई-3 के कब्जे से 74 पौवा बरामद किया है। जब्त शराब की कीमत 9620 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

लाटरी से होगा आवास आवंटन

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शहर में किरायेदारी के रूप में निवासरत व बेघर परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (एएचपी) किफायती आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत भिलाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर स्थल पर 3 जनवरी को प्रातः 11 बजे वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी मंगलबाजार में लॉटरी पद्धती से होगा।

महिला ने कीटनाशक खाकर दी जान

पाटन। ग्राम अमेरी में लगातार एक ही घर से 2 दिन अर्थी निकली। पहले दिन अमेरी के रहने वाले संजय यादव पुरी घूमने गए थे वहां पर उसे अचानक चक्कर आया और धड़ाम से नीचे गिर गया जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं से उनकी लाश को ग्राम अमेरी लाकर अंतिम संस्कार किया गया। उसके दूसरे दिन मृतक संतराम यादव की पत्नी शारदा यादव ने भी कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर लिया। इस घटना से अमेरी में शोक की लहर है। उनके दो बच्चे हैं और दोनों बच्चों का रो-रो का बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि आज सुबह शारदा यादव कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे गंभीर अवस्था में मेकाहारा रायपुर ले जाया गया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पति-पत्नी की मौत हो जाने के बाद दो बच्चे के सर से मां-बाप का साया छीन है गया है। बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

अमेरी पंच की पुरी में चक्कर आने से मौत

पाटन। ब्लाक के ग्राम पंचायत अमेरी के सरपंच बलराम सूर्यवसी सहित पंचों के साथ वार्ड क्रमांक 4 के पंच संजय यादव उम्र 40 साल पिता स्व तातुराम यादव पूरी (उड़ीसा) घूमने गए थे। इसी दौरान अचानक चक्कर आ गया। ईलाज के लिये पास के पूरी असप्ताल में ले गए लेकिन उनकी मौत हो गई। एम्बुलेंस के माध्यम से ग्राम अमेरी में लाई गई। उनकी पत्नी सारदा यादव बेटा समीर यादव बेटी भूमिका यादव सहित परिवार जनों इस दुखद घटना से बुरा हाल है

खपरी के ग्रामीणों ने घेरा तहसील कार्यालय

पाटन। शमशान घाट व चारागाह का जमीन अतिक्रमण मामला को लेकर खपरी के सैकड़ों ग्रामीण तहसील कार्यालय पाटन पहुंचे। ग्रामीणों ने उचित कार्यवाही की मांग की और कार्यवाही ना होने पर उग्र आंदोलन करने की बात कही। आज खपरी के ग्रामीण बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचे। तहसीलदार पाटन प्रकाश सोनी को ज्ञापन सौंपकर बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने के लिए आवेदन दिया। ग्रामीणों ने बताया की पहले और वर्तमान के अभिलेख में अलग अलग दिखा रहे है। ग्रामीणों की मांग पर तहसीलदार प्रकाश सोनी ने इसके लिए राजस्व निरीक्षक और पटवारी की टीम गठित कर जल्द ही प्रतिवेदन तहसील कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए है।

जिले में कोरोना से महिला ने तोड़ा दम, 12 नए केस

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले कोरोना से एक बुजुर्ग महिला (82) ने दम तोड़ा है। कैंप निवासी महिला को बीपी शुगर और अन्य बीमारियों के चलते भिलाई के सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां गुरुवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मरने के बाद जब महिला का कोविड टेस्ट किया गया तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। 12 नए मरीजों के साथ छत्तीसगढ़ में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 31 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के

अनुसार दुर्ग में 6, रायगढ़ में 2, राजनांदगांव, रायपुर, जांजगीर-चांपा और बस्तर में एक-एक नए मरीजों की पहचान हुई है। दुर्ग में इस वक्त 13 सक्रिय मरीज हैं। वहीं रायपुर में 7 कोरोना पॉजिटिव अस्पताल में भर्ती हैं। रायगढ़ में 4 और बस्तर में 3 सक्रिय मरीज हैं। 2 कोविड पॉजिटिव हॉस्पिटल में तो 11 क्वारंटाइन- दुर्ग जिला अस्पताल में हुए एंटीजन टेस्ट में 6 नए कोविड पॉजिटिव मरीजों का पता चला है। इसके बाद से जिले में कुल कोविड पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 13 पहुंच गई है। इनमें से 2 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं 11 लोगों को उनके घरों में क्वारंटाइन किया गया है। जिले में किस वैरियंट का कोरोना वायरस फैल रहा है, या किस वैरियंट से संक्रमित की मौत हुई है। इसको लेकर अभी स्वास्थ्य विभाग कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा है। वर्तमान में कोरोना का नया प्रकार (स्ट्रेन) तेजी से फैल रहा है, लेकिन भिलाई में उस वायरस का संक्रमण है कि नहीं ये एम्स से टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

बैठक में नियंत्रण के लिए दिए निर्देश

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नया रायपुर द्वारा जारी निर्देश के संदर्भ में कोविड-19 के संक्रमण की संभावनाओ को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आयुक्त रोहित व्यास एवं कोरोना महामारी नियंत्रण दुर्ग के नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे ने बैठक में बताया कि देश के अन्य राज्यों में कोविड-19 के बढ़ते प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कोविड-19 के रोकथाम एवं प्रबंधन किये जाने हेतु संक्रमण की त्वरित पहचान, जॉच एवं उपचार किया जाना आवश्यक हैं जिले की स्वास्थ्य संस्थाओ की ओपीडी में सर्दी, खांसी, बुखार के लक्षणों के साथ आने वाले रोगी एवं एसएआरआई के भर्ती मरीजों का शत-प्रतिशत कोविड जॉच अनिवार्य रूप से किया जाना है। संक्रमण की संभावना वाले व्यक्ति का आरटीपीसीआर विधि से जॉच होगा। बैठक में नोडल डॉ पियान सिंह, सीपीएम तुषार वर्मा, रितिका सोनवानी के साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कानून व्यवस्था को लेकर हॉटल मालिकों की एसएसपी ने ली बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) अभिषेक झा, एसडीएम दीपक निकुंज और सीएसपी छावनी आशीष बंछोर ने नए साल के आगामी आयोजनों और 31 दिसंबर की शाम के विषय में होटल मालिकों के साथ एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस मौके पर, उन्होंने बतया कि शहर की कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आयोजन रात 12 बजे की समयावधि के भीतर होने चाहिए। अभिषेक झा ने गाइडलाइन के अनुसार ही आतिशबाजी करने के निर्देश दिए व माननीय हाई कोर्ट के कोलाहल के संबंध में दिये निर्देशों का पालन करने तथा हुड़दंग करने वाले तत्वों पर नजर रखने और तुरंत कठोर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए तथा किसी भी गड़बड़ी की सूचना पर तत्काल पुलिस कार्रवाई होगी बताया तथा ऐसे होटल, रेस्तरां जिनमें बड़े स्तर का आयोजन तथा बाहरी कलाकार शामिल हों, उन्हें निश्चित मापदंडों के तहत ही अनुमति दी जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

होटल, रेस्तरां, बार, और ढाबे निश्चित समयावधि के भीतर बंद किए जाने चाहिए। पार्किंग का सुविधाजनक इंतजाम होना चाहिए। संस्थानों के बाहर या चार पहिए वाहन के अंदर शराब का सेवन ना कराया जाए। आयोजनकर्ता क्षमता से अधिक पास न जारी करें। कार्यक्रम के दौरान नशीला पदार्थ जैसे हुक्का, गांजा अन्य नशीली पदार्थ पाए जाने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही उनका लायसेंस भी निरस्त किया जाएगा। कोई भी संचालक रात्रि 10 बजे के बाद साउंड सिस्टम का उपयोग नहीं करेगा।

विक्षचण विद्यापीठ मे क्रीड़ा महोत्सव संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

विजेता खिलाडियों को मिला पुरस्कार।

कुम्हारी। विचक्षण विद्यापीठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मे दो दिवसीय वार्षिकोत्सव क्रीडा महोत्सव का आयोजन संम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संतोष गोलच्छा एंव सुनील गोलच्छा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आर्य हाऊस, वीर्य हाऊस, धैर्य हाऊस एवं शौर्य हाऊस चारो सदनों के द्वारा मार्च पास्ट कर किया गया। खेलों की शुरुआत 100 मीटर दौड से हुई, चारो हाऊस के प्रतिभागियो ने खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने कबड्डी, लंबी कूद, रस्सा कसी, ऊंची कूद, रिलेरेश, सहित अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया।

कार्यक्रमों का संचालन पी.टी.आई. शिक्षको ने समस्त शिक्षक गण के सहयोग से निर्धारित समय पर कुशलता से संपन्न किया। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष सरीपल्ली और विद्यालय व्यवस्थापक सिद्धार्थ सबरवाल ने जीवन मे खेलों का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को पढाई के साथ-साथ खेलकूद मे भी हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया एंव विजेता खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर बच्चों के पालक भी उपस्थित थे जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

सांई महोत्सव के विजेता हुए पुरस्कृत

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कसारीडीह सिविल लाईन स्थित प्रसिद्ध श्री साई मंदिर के 47वें वार्षिक महोत्सव में आयोजित रंगोली, पूजा की थाली सजाओ, सलाद सजाओ व व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लेकर अपनी बेहतर कलाकृति का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिताएं आयु अनुसार ए, बी व सी तीन वर्गों में आयोजित की गई थी। जिसके परिणाम घोषित किए और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किए गए। रंगोली प्रतियोगिता के ए वर्ग में प्रथम गायत्री यादव, द्वितीय षष्ठी कुमारी, तृतीय स्थान निधि यादव ने प्राप्त किया। बी वर्ग में प्रथम रोशनी

साहू, द्वितीय अमन जोशी, तृतीय धारणा चंदेल, सी वर्ग में प्रथम सविता देशलहरे, द्वितीय ज्योति ताम्रकार, तृतीय केवलबाई यादव रही। विजयी प्रतिभागियों को समिति के पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में वार्ड के पूर्व पार्षद अलताफ अहमद,श्री साई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी, संतोष यदु, सुरेश साहू, अजय सुरपाम, कौशल किशोर सिंह, संतोष खिरोडकर, नरेन्द्र राठी, गणेश निर्मलकर, जयंत खिरोडकर, नारायणदत्त तिवारी, अवतार सिंह व अन्य सदस्य व प्रतिभागी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

लोकसभा को लेकर मॉस्टर प्लान तैयार, जीत तय : वर्मा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की अध्यक्षता में भाजपा मुख्यालय रायपुर में प्रदेश के नेताओं की बैठक हुई। प्रदेश पदाधिकारी बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पूरी गंभीरता से अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। आगामी 5 जनवरी तक निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने और संशोधन कराए जाने संबंधी कार्यों को पूरा करने के लिए मंडल स्तर पर बैठकों का दौर पूरा हो चुका है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रत्येक जिम्मेदार पदाधिकारी द्वारा नमो ऐप पर 10 प्रतिष्ठित लोगों को विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का काम किया जा रहा है। 31 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जनता को संबोधन का कार्यक्रम मन की बात के लिए जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल द्वारा मंडल भाजपा प्रभारी एवं मन की बात के जिला प्रभारी संतोष सोनी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। इस कार्यक्रम के लिए जल्द ही जिला कार्यक्रम प्रभारी की नियुक्ति होगी। चुनाव में सोशल मीडिया की भूमिका को और भी अधिक सशक्त बनाने हेतु पार्टी के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पार्टी हैंडल को मजबूत करने तथा युटयुबर्स-इंस्टाग्राम यूजर्स को पार्टी के पक्ष में पोस्ट करने हेतु अभियान चलाया जाएगा साथ ही व्हाट्सएप को संगठनात्मक तंत्र एवं आमजनों के बीच में और अधिक प्रभावशाली बनाने टास्क विशेषज्ञ कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202307101200019/ अ-74/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रिका आ. राधेश्याम निवासी ग्राम रुदा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम रुद्रा प.ह.नं. 27 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 105/2 रकबा 0.6800 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक को प्रदत्त ऋण पुस्तिका जीर्ण-शीर्ण हो जाने के कारण द्वितीय प्रति प्रदान करने हेतु आवेदन [illegible] आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 01/अ-20(3)/ वर्ष 2023-24 पंजी. 20231010380006

आवेदक अरुप चौधरी आ. स्व. नरेन्द्र पाल चौधरी निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एम.आई.जी. 1/1068 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर धारकगण सुमिता चौधरी पति स्व. नरेन्द्रपाल चौधरी, अमित चौधरी पि. स्व. नरेन्द्र पाल चौधरी, संगीता दत्ता पिता स्व. नरेन्द्र पाल चौधरी निवासी आमदी नगर हुडको के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। तथा धारकगण के नाम पर 30 वर्षीय पट्टा जारी है, जिसकी वैधता मार्च 2038 तक है। [illegible] अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावें। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.12.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनताा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका वीना सोनी वगै. पिता/पति एस.के सोनी निवासी ग्राम कैलाश नहर भिलाई दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1302/24 रकबा 0.010 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार छेदीलाल सोनी की मृत्यु हो जाने पर [illegible] उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती पद्मा राठौर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202312100400328

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती पद्मा राठौर पति. स्व. अम्बाराम राठौर निवासी सिकोला तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची [illegible]

[illegible] अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202312104600035/ अ-27/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश प्रसाद साहू आ. फेरुराम साहू व अन्य निवासी खम्हरिया विरुद्ध अशोक कुमार साहू आ. स्व. फेरुराम साहू निवासी पुरई के द्वारा मौजा खम्हरिया प.ह.नं. 54 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 511/2, 511/4, 613, 633 रकबा 0.1000, 0.2000, 0.2600, 0.7200 हे. भूमि [illegible] से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202312101200020/ अ-06/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका तोममन सिंह पिता/पति हेमकुमार गोड निवासी भानपुरी मौजा भानपुरी प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 591, 739 रकबा 0.200, 0.4300 हे. गायत्री के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दिनांक 29.01.2022 की मृत्यु हो जाने के कारण [illegible] लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202312101500035

विषय: अ-27 सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोपेडीह प.ह.न. 00005 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- सुदर्शन सोनकर, संतोषी, बिमला बाई

अनावेदक पक्षकार - बिमलाबाई जौ. अघनूराम

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बिमलाबाई पति अघनूराम निवासी ग्राम कोपेडीह तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 (क) के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम कोपेडीह प.ह.न 05 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 233/2, 238/2 रकबा [illegible]

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई तिथि 15.01.2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय रा. निरीक्षक अमलेश्वर तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

जारी दिनांक 22.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अमलेश्वर ह.नं. 03 रा.नि.मं. अमलेश्वर तह पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री/आवेदिका श्रीमती रवि चौहान पिता/पति श्री ताराचंद चौहान, निवासी अमलेश्वर द्वारा आवेदित भूमि खसरा नं. 131/79, 131/82 रकबा 0.0103, 0.0151 हे. के सीमांकन/बटांकन/ बंदोबस्त त्रुटि सुधार/ नक्शा त्रुटि सुधार/ अभिलेख दुरुस्ती/ स्थल जांच हेतु आवेदन मान. न्यायालय अ.वि.अ. (राजस्व) नायब तहसीलदार, तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के [illegible] ऊपर उल्लेखित दिनांक को स्थल पर अपनी भूमि के बैनामा/दस्तावेज सहित उपस्थित होने और दस्तावेज के अनुरुप दावा/आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में स्थल निरीक्षण कार्य किया जा सकता है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। सो सूचना जाने।

मुहर — राजस्व निरीक्षक अमलेश्वर तह. पाटन(छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202312100600012/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ऋचा पाण्डेय पति अभिषेक पाण्डेय निवासी अग्रोहा कालोनी रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम पाहंदा प.ह.न. 02 तहसील पाटन जिला दुर्ग में अपने स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 2203/8 रकबा 0.0140 हें/ 1507 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु [illegible]

आज दिनांक 19/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202312100600010/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका संध्या वर्मा पति सुनील कुमार वर्मा निवासी ग्राम पो. सारागांव तह. धरसीवा जिला रायपुर के द्वारा ग्राम भोथली प.ह.न. 01 तहसील पाटन जिला दुर्ग में अपने स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 214/13 रकबा 0.0140 हें/ 1500 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किया [illegible]

आज दिनांक 19/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202312100600011/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अभिषेक पाण्डेय आ./पति भरत कुमार पाण्डेय निवासी अग्रोहा कालोनी रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम पाहंदा प.ह.न. 02 तहसील पाटन जिला दुर्ग में अपने स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 2203/9 रकबा 0.0141 हें/ 1517 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु [illegible]

आज दिनांक 19/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202307100400283/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका प्रीति बाला देवांगन आ./पति स्व. हेमंत देवांगन निवासी आर्य नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 144/11 रकबा 0.0200 हें/ 2200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के [illegible]

आज दिनांक 24/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री जयराज सिंह | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202312100400016

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री जयराज सिंह आ. श्री बागेश्वर सिंह निवासी लक्ष्मीनगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची [illegible]

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202312103000050/ अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री उमंग ताम्रकार आ. स्व. रामकुमार ताम्रकार पता तमेरपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पिता श्री रामकुमार ताम्रकार पिता स्व. इतवारीराम ताम्रकार के हक व स्वामित्व की भूमि मौजा जेवरा प.ह.न. 13 स्थित भूमि खसरा नंबर 174/2 रकबा 0.1120 हे. भूमि जो कि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के पिता स्व. रामकुमार ताम्रकार की मृत्यु दिनांक [illegible]

आज दिनांक 26.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 50/अ-20(3)/ वर्ष 2023-24 पंजी. 20230610380048

आवेदक सतीश विनायक गाडगे आ. स्व. विनायक गोविंद गाडगे निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का भूखण्ड क्रं. एम.आई.जी. 1/104 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर धारकगण रीना राय आ. सी.के. राय, जयश्री राय बेवा सी.के. राय के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारकगण द्वारा उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक 02.06.2023 द्वारा आवेदक के [illegible]

आज दिनांक 27.12.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनताा को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर बिस्वास अन्य 02 पिता स्व. दुलाल बिस्वास निवासी ग्राम आर्शीवाद भवन बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 780/8 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार दुलार बिस्वास की मृत्यु हो जाने [illegible]

आज दिनांक 27.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

ट्रेजरी अफसर को दी विदाई

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। जिला कोषालय अधिकारी के के दुबे को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर शुक्रवार को विदाई समारोह में अधिकारी -कर्मचारियों के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर श्री दुबे को शाल,श्री फल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथ उनके स्वस्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की गई। करीब 40 वर्ष तक वित्त विभाग में विभिन्न पदों पर अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए श्री दुबे जिला कोषालय अधिकारी के पद से सेवा निवृत्त हुए। इस अवसर अधिकारी -कर्मचारियों ने श्री दुबे के व्यक्तित्व, स्वभाव एवं उनके कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सहज, सरल व काम के प्रति तत्पर अधिकारी के रूप में निरूपित किया । इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंण्डे, डिप्टी कलेक्टर द्वय आरआर दुबे, अरुण कुमार सोनकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।/

नववर्ष सेलिब्रेशन को लेकर एसपी ने ली होटल, रिसॉर्ट संचालकों की बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा 31 दिसंबर 2023 को नए साल के स्वागत में शहर के होटल और सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले आयोजनों को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम के जनसंवाद कक्ष में होटल, रेस्टोरेंट संचालकों की बैठक ली गई। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल एवं एसडीएम अरूण वर्मा की उपस्थिति में होटल एवं रिसोट संचालकों को पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि नया साल में ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग कोलाहल अधिनियम के तहत करें। होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, ढाबा और बार के बाहर चार पहिया, दोपहिया वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था रखने के साथ मुख्य मार्ग, सर्विस रोड में वाहनों की पार्किंग न करें। हुक्का, गांजा समेत अन्य नशीली पदार्थ पाए जाने पर संस्थान के संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। होटल, रिसोर्ट में ठहरने वालों के परिचय-पत्र अवश्य लेने और उनका रजिस्टर में मोबाईल नंबर सहित जानकारी संधारित सुनिश्चित करने एवं मदिरा लाइसेंस लेकर ही मदिरा परोसने का दिया गया निर्देश। नाबालिकों को ठहरने के लिए कमरा ना देने और ऐसा करते पाये जाने पर संस्थानों के मालिकों, मैनेजर के विरूद्ध वैधानिक कार्यवही करने के निर्देश दिये गये। इस बैठक में एबिस ग्रीन, एबीस गुप, राज इम्पेरियल, वन-विनाकदा रिसोर्ट, हॉलिडे रिसोर्ट, रैलिस, नौटंकी, पे-पिंजरा हाउस, रॉक हाउस, होटल अमोरा, फोरेस्ट वेब्स, अकाय रिसोर्ट, होटल बग्गा एवं मनगटा के रिसोर्ट व होम-स्टे के संचालकगण तथा थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, सोमनी एवं प्रभारी सायबर सेल मौजूद थे।

खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कर रहे रौशन : तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा के ग्राम देवादा में न्यू स्टार कबड्डी क्लब एवं ग्रामीणों द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए किसान नेता तिवारी ने कहा कि पूर्व में कबड्डी खेल को गांव का खेल कहा जाता था, लेकिन वर्तमान में यह खेल शहरों में भी खेला जा रहा हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद अब खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी। प्रदेश सरकार की ओर से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। गांवों में आयोजित प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता हैं और अच्छे खिलाड़ी सामने आ रहें।

गांव से निकल कर खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इस दौरान जितेंद्र पाल, गंगासागर निषाद, धनराज पाल, अजय निषाद, घनश्याम यादव, खेदराम पाल, धनराज पाल, सोमेश पाल, जीतेश निषाद, दिनेश्वर साहू, सागर निषाद, हीरासिह, जयप्रकाश निषाद, गोपाल पाल, भावेश पाटिल, भूपेंद्र साहू, यश यादव, दीपक यदु, रिंकू साहू, खिलेश साहू, शिवरतन निषाद, सतीश निषाद, सुदामा, नीलकंठ निषाद, पुरुषोत्तम पाल, भूषण साहू, जागेश्वर साहू, करण यादव, धमेंद्र पाल, मनीष, जीवन आदि मौजूद थे।

प्रत्याशियों के चुनाव खर्च का लेखा-जोखा का किया मिलान

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 के तहत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों/निर्वाचन एजेंट द्वारा संधारित निर्वाचन व्यय लेखों के मिलान हेतु व्यय प्रेक्षक ब्रजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में लेखा समाधान बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में संधारित लेखों की समीक्षा की जाकर अभ्यर्थियों के लेखों को अन्तिम रूप दिया गया।

शिक्षकों ने सीखे अध्यापन के गुर

शिक्षण क्षमता संवर्धन कार्यशाला में शामिल हुए डीएवी के टीचर्स

भाटापारा/नवप्रदेश। विधान सभा चनाव जीतने और कैबिनेट मंत्री बनने के बाद मंत्री टंकराम वर्मा का सुहेला पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री श्री वर्मा ने आभार रैली निकाल कर ग्राम वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस रैली में इंजीनियर के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा विशेष रूप से उपस्थित थे। बलौदाबाजार विधान सभा के विधायक एवम छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री टंक राम वर्मा की आभार रैली सुहेला मंडल के ग्राम पंचायत सुहेला में संपन्न हुआ। इसमें देवांगन शामिल हुए। क्षेत्र वासियों ने मंत्री का जोरदार स्वागत किया। मंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल था। मंत्री ने क्षेत्र वासियों से मिले प्यार ,आशीर्वाद और जनादेश के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का किया सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला इकाई बलौदा बाजार भाटापारा पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष पद पर प्रसेन भट्ट के निर्वाचित होने और प्रथम नगर आगमन पर जनपद पंचायत के सभागार में ब्लाक सचिव संघ के द्वारा जोरदार स्वागत कर उनका सम्मान किया गया। सम्मान समारोह गुरुवार को जनपद पंचायत भाटापारा सभा कक्ष में रखा गया जिसमे सीईओ आर एल गेंडरे, संतोष शर्मा करारोपन अधिकारी, दीपक उत्प्रेती करारोपन अधिकारीयो ने नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दिये। ब्लाक पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार देवांगन के नेतृत्व में हुए सम्मान समारोह में काफी संख्या में ब्लाक के सचिव गण उपस्थित थे।नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रसेन भट्ट ने उनको मिले मान सम्मान के लिए अपने सभी साथियों के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

2 जनवरी को कैम्पस इंटरव्यू

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार में द-प्लेसर अंतर्गत मारूती सुजुकी मोटर्स प्रायवेट लिमिटेड द्वारा 2 जनवरी 2024 को सत्र 2022-23 में एनसीव्हीटी, एससीव्हीटी व्यवसायों फिटर, मेकेनिक डीजल, मोटर मेकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल्स एण्ड डाईमेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रेक्टर मेकेनिक एवं पेंटर जनरल में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिये कैम्पस इंटरव्यूह का आयोजित किया गया है। सत्र 2022-23 तक उपरोक्त व्यवसायों में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों केम्पस इंटरव्यूह में अधिक से अधिक संस्था में उपस्थिति होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सके। विस्तृत जानकारी शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार से प्राप्त कर सकते है।

पीएम मोदी ने हितग्रहियों से किया संवाद

- सांसद गुहाराम अजगल्ले अहिल्दा शिविर में हुए शामिल
- हितग्राहियों को पौधे व किसानों को बांटे नैनो यूरिया किट

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संवाद किया। बलौदाबाजार विकाखण्ड के ग्राम पंचायत अहिल्दा में आयोजित शिविर में मोदी की गारंटी गाड़ी से वीडियो कांफ्रेंसिंग का जीवंत प्रसारण देखा गया।

इस शिविर में लोकसभा क्षेत्र जांजगीर -चांपा के सांसद गुहाराम अजगल्ले शामिल हुए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत सुंदर मकान बनाने वाले हियग्राहियों को निशुल्क पौधे व किसानों को तरल नैनो यूरिया किट, मृदा परीक्षण पत्रक वितरित किया गया। सांसद श्री अजगल्ले ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से योजना से वंचित हितग्राही सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। जिससे मोदी की गारंटी पर लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबों को पक्का मकान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ,महिलाओं को धुआं रहित रसोई के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ,घर -घर नल से स्वच्छ जल के लिए जल जीवन मिशन योजना लागू किया है। इसके साथ ही अनेक योजनाएं है जिससे लोगों के जीवन मे परिवर्तन आ रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित लोगों को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प दिलाया गया। विभिन्न योजना के हितग्राहियों ने योजना का लाभ मिलने से उनके जीवन मे आये परिवर्तन के बारे में मेरी कहानी मेरी जुबानी अन्तर्गत लोगों अपने अनुभव बताए। इनमें मोहित पटेल प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि, भागचंद पटेल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, रघुनाथ पैकरा मृदा स्वास्थ्य पत्रक, रमण साहू किसान क्रेडिट कार्ड, श्रीमती सुशीला डहरिया स्वच्छ भारत मिशन शामिल हैं। केन्द्र की योजनाओं की जानकारी दी। इसी तरह शहरी क्षेत्रों हेतु पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), पीएम ई-बस सेवा, कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत), पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, उजाला योजना, पीएम सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अवसंरचना आदि शामिल हैं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

गांवों में आयोजित हुआ संकल्प यात्रा

- ग्रामीणों के उज्जवला गैस और पेंशन आवेदन का निराकरण

नारायणपुर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत तुरठा, ओरछा, देवगांव, मातला, धनोरा और बिंजली में 28 दिसंबर को किया गया। तुरठा के शिविर में प्रधानमंत्री उज्जवला के लिए 5 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका निराकरण किया गया।

इसी प्रकार पशुधन विकास विभाग के माध्यम से पशुपालन केसीसी के 3 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका निराकरण किया गया है। समाज कल्याण विभाग के 10 आवेदन प्राप्त हुए थे, कृशि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत् 14 आवेदन और उद्यानिकी विभाग के शेडनेट के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे, इन सभी आवेदनों का शिविर स्थल पर निराकृत किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत् बिंजली के शिविर में कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 2 आवेदन, केसीसी के 1, समाज कल्याण के वृद्धा पेंशन के, राजस्व विभाग के बटवारा के 2, सीमांकन के 4, खाद्य विभाग के राशन कार्ड में नाम जोड़ने और गैस प्राप्त करने के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। ओरछा शिविर मे जल जीवन मिशन के 5 आवेदन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के 2, खाद्य विभाग के 4, स्वास्थ्य विभाग के 60, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 5, शिक्षा विभाग के 2, पशुधन विभाग के 5 आवेदन प्राप्त हुए थे।

किसानों को मिला दो साल का बकाया बोनस

नगरी/नवप्रदेश। सुशासन दिवस पर जनपद पंचायत नगरी की अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत छुही में 15 किसानों को दो साल का बकाया धान बोनस प्रदान किया। जमपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ने विकासखंड नगरी के 12 सहकारी समितियों के 18352 कृषकों को रु 26,79,80,250=00 का सांकेतिक रूप से बोनस वितरण करते हुए पैक्स सलोनी के 10 किसान राजकुमार साहू छुही को रु40740,सखाराम साहू साल्हेभाट को रु 88320,दिलदार निषाद छुही को रु 9240,यशवंत यादव छुही को रु 35640,बीरेंद्र साहू सहहुहि को रु 7080,झंकेश्वर साहू सलोनी को रु 210480,परीक्षित ध्रुव छुही को रु 12720,सेवक राम लहरे साल्हेभाट को रु 18000,शिवकुमार साहू साल्हेभाट को रु 8040,मनराखन निषाद दरगाहन को रु 6600,रामकुमार वर्मा दरगाहन को रु 10820 कृषक, तथा लैम्प्स गट्टासिल्ली के बिसाऊ राम ध्रुव /रजऊ को रु 44660,श्रीमती भगबति/लक्ष्मण को रु 12600,श्रीराम/बिहारी को 98040,बोहरन/पीलूराम को रु21690 तथा महेश/कुंवर सिंह को रु 20280 का प्रमाण पत्र का वितरण किया।

जनमन योजना में 263 विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति गांव शामिल

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने गुरुवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर भारत सरकार की प्रधानमंत्री जनमन योजना का प्रभावी एवं समयबद्ध कार्ययोजना बनाने की गहन समीक्षा की। भारत सरकार की प्रधानमंत्री जनमन योजना में कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति विकासखंड बोड़ला और पंडरिया में निवासरत् विशेष रूप से कमजोर जनजाति बैगा (पीवीटीजी) को शामिल किया गया है। बैठक में बताया गया कि जिले के इन दोनों विकासखंडों में विशेष रूप से कमजोर बैगा जनजाति बाहूल ग्राम 263 है। जिसमें बोड़ला विकासखंड के 185 और पंडरिया के 78 बैगा बाहूल ग्राम शामिल हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना में शामिल 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों पर ग्राम स्तर पर पहुंचकर प्रभावी कार्ययोजना बनाने और दो दिन के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर बताया कि पीएम जनमन योजना का मूल उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक तथा आर्थिक स्थित में उत्तरोत्तर सुधार करना है, ताकि विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों, परिवारों का त्वरित गति से विकास किया जा सके। बैगा गांव में सामुदायिक अधोसंरचना में सुधार के साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर में उन्नयन के साथ ही प्रत्येक परिवारों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके ऐसा सुनिश्चित किया जाना मिशन के माध्यम से नियत किया गया है। कलेक्टर ने इस योजना के अंतर्गत उपरोक्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों की क्रियान्वयन पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

सारंगढ़ और बिलाईगढ़ में 2 को विकसित भारत संकल्प यात्रा

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर नगरपालिका सारंगढ़ और नगर पंचायत बिलाईगढ़ में मंगलवार 2 जनवरी 2024 को आयोजित होगी। यह शिविर सारंगढ़ के तुर्की तालाब के पास जवाहर भवन परिसर में सुबह 8 बजे से होगा, वहीं बिलाईगढ़ के वार्ड 7 इंदिरा मार्केट में दोपहर 2 बजे होगा। इस वीबीएसवाय शिविर में पीएम आवास योजना, पीएम स्व निधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, , पीएम उज्ज्वला आदि योजनाओं का स्टॉल लगाया जाएगा, जहां सभी नागरिकों को योजनाओं के लाभ के साथ साथ आवेदन, आयुष्मान और आधार कार्ड अपडेशन किया जाएगा।

कुरूद में 31 को संकल्प यात्रा

कुरूद/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार 31 दिसंबर को नगर पंचायत कुरूद में वार्ड क्रमांक 15 स्थित स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में शुभारंभ किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 8 से 12 बजे आयोजित होगी। मुख्यनगर पालिका अधिकारी व्दारा सभी हितग्राहियों से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजना का लाभ प्राप्त करें। इसमें केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकार लोगों तक पहुंचाने और हितग्राहियों को जोड़ने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

ठेका वार्ड में लचर सफाई व्यवस्था पर ठेकेदार को नोटिस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने शहर के ठेका वार्ड, वार्ड नं. 24 में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर संतोषप्रद सफाई नहीं होने पर नराजगी व्यक्त करते हुये सफाई ठेकेदार अध्यक्ष भाग्य लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह को अनुबंध शर्तो के अनुरूप कार्य न करने तथा संबंधित वार्ड की सफाई में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी किया है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि ठेका वार्ड, वार्ड नं. 24 में सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में सफाई कार्य संतोषप्रद नहीं पाया गया तथा त्रिवेणी परिसर एवं झुलेलाल घाट के आस पास गंदगी व अत्याधिक मात्रा में कचरा पाया गया। साथ ही वार्ड के संपूर्ण क्षेत्र में सफाई कार्य नहीं कराया जा रहा है, जो कि निविदा शर्त के नियम के विपरीत है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि लचर सफाई व्यवस्था पर सफाई ठेकेदार अध्यक्ष भाग्य लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह को नोटिस जारी किया गया है एवं नोटिस में कहा गया है कि नियम शर्त के अनुरूप कर्मचारी रखकर सफाई कार्य करावे।

नाली चोक व सफाई संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करे तथा सप्ताह में दो बार कीटनाशक, दुर्गंधनाशक दवाईयों का छिड़काव अनिवार्य रूप से कराया जाना सुनिश्चित करें। इस संबंध में आप अपना लिखित जवाब प्रस्तुत करें। जवाब संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर संबंधित ठेकेदार के चलित देयक से 10 प्रतिशत राशि कटौती की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।

कांग्रेस ने मनाया 138वां स्थापना दिवस

कांकेर/नवप्रदेश। 28 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 139 वें वर्ष में प्रवेश किया। स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय कांकेर के राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभद्रा सलाम ने कांग्रेस के पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी का ध्वज फहराया । इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक राजनैतिक पार्टी के साथ-साथ एक विचारधारा है। देश की आजादी एवं विकास के कार्य में भाग लेने वाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक देश की सबसे पुरानी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर प्रातः 10 बजे पार्टी का झंडा फहराते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाया स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही कांग्रेस सेवादल के स्थापना के 100 वीं वर्षगांठ पर सेवादल के द्वारा मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, रमेश गौतम, याशीन करानी, मनोज जैन, सुनील गोस्वामी, बाबा ठाकुर, ध्यानचंद्र केवलमानी, लक्ष्मण पूरी गोस्वामी, नीरा साहू, यास्मीन खान, लक्ष्मी सहारे, विजय यादव, तरेन्द्र भंडारी, नरेश बिछिया, मुकेश तिवारी, दिलीप नाग, अमन गायकवाड़, शिवांकित श्रीवास्तव, खोमेंद्र उइके,सत्यार्थ करायत, शेष गजबीए, कौमुद व्यास,शैलेंद्र उइके, सोमेश सोनी, रंजन गोस्वामी, निरंजन लाटिया,गोपाल भीमगज, शीतल रिगरी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

पुलिस ने दो सटोरियों को किया गिरफ्तार

सुकमा/नवप्रदेश। लंबे अरसे से सुकमा जिले में जुआ और सट्टा खिलाए जाने के मामले को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा सुकमा पुलिस को सूचना मिल रही थी। जिस पर सुकमा पुलिस प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए सटोरियों पर नकेल कसने की शुरुआत कर दी है।

2 सटोरिए गिरफ्तार, मोबाइल समेत नगद बरामद

सटोरियों द्वारा सट्टा व जुआ खिलाए जाने को लेकर पुलिस को मिल रही सूचना के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए 30 वर्षीय प्रह्लाद वर्मा और चंद्र प्रताप नेताम नमक आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। जिनके पास से मोबाइल व नगद रकम बरामद किया गया हैं। इसके बाद से ही जिले में सट्टा बाजार में हलचल पैदा हो गई हैं। पुलिस सूत्रों के हवाले से सुकमा के नामी सट्टा खाईवाल लक्की टावरी समेत आधा दर्जन सटोरियों को पुलिस ने गुरुवार को तलब किए जाने की जानकारी मिली है। सट्टा गिरोह को पुलिस ने कोतवाली बुलाया तो मौके को भांपते हुए लक्की टावरी द्वारा सारे सबूत को मिटा दिए जाने का दावा सूत्रों ने किया है।

बेखौफ चल रहा था सट्टे का खेल

मामले को लेकर सूत्रों ने यह भी आरोप लगाया है कि लंबे समय से सुकमा जिले में सट्टा गिरोह अपने पैर पसार चुका था। जहां क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय मैचों से लेकर स्थानीय खेलों में भी बड़े पैमाने पर सट्टा खिलाया जाता रहा है। पहले भी लक्की टावरी अपने 3 साथियों के साथ जिले भर में सट्टा व जुआ खिलाए जाने की सूचना पुलिस को मिल रही थी।

क्रिकेट वर्ल्ड कप में करोड़ों का लगा था सट्टा

सूत्रों ने दावा किया है की हाल में हुए क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के दौरान सुकमा में करोड़ों का सट्टा खिलाया गया। इसमें लक्की टावरी और उसके साथियों ने सुकमा जैसी जगहों पर 5 करोड़ का बाजार खड़ा किया था। आईपीएल में भी सट्टा खिलाए जाने का आरोप लक्की टावरी पर हैं।

संभावितों पर पुलिस की पैनी नजर: इस मामले को लेकर अधिकारियों का कहना है कि सुकमा में जुआ, सट्टा जैसे अवैध गतिविधियों पर पुलिस कार्यवाही के लिए तत्पर हैं। लगातार सुकमा पुलिस ऐसे सट्टा गिरोह के संभावितों पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है।
-शशिकांत भारद्वाज,
निरीक्षक सुकमा कोतवाली

शौचालय निर्माण के लिए रखे छड़ की चोरी

बालोद/नवप्रदेश। जिले में सक्रिय चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने सूने मकान और दुकानों के बजाय अब निर्माणाधीन मकानों और शासकीय भवनों को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमरूवा का सामने आया है। जहां गांव में ही पिंक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा है। शौचालय के निर्माण कार्य के लिए रखे गए छड़ को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। इधर मामले की जानकारी लगते ही ग्राम पंचायत जमरुवा की सरपंच इंदु बाई सिन्हा ने कोतवाली थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थी इंदु बाई सिन्हा ने बताया कि ग्राम पंचायत जमरूवा में पिंक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा है ।

कोदागांव और कन्हारपरी में आयोजित हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम

केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का किया प्रचार

कांकेर/नवप्रदेश। मंडल धनेलीकन्हार के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदा गांव और ग्राम पंचायत कन्हारपूरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सरपंच संघ के संगठन मंत्री मंडल अध्यक्ष भाजपा धनेलीकन्हार ग्राम कोदा गांव के सरपंच पचूराम नायक जनपद सदस्य श्रीमती रेशमा केसरी मंडल महामंत्री डाकेश राम साहू सांसद प्रतिनिधि तिलक नाग वरिष्ठ नागरिक एस.आर कोरोटिया,लादू राम पटेल,दिनु पटेल,दयाराम आरदे सहित काफी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन -जन तक पहुंचाने के लिए सभी ने संकल्प लिया मंडल अध्यक्ष पंचूराम नायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में समस्त ग्राम वासियों को अवगत कराया गया।

सीरीज जीतने का सपना टूटा

पहले टेस्ट में भारत की हार

स्पोर्ट्स डेस्क। साउथ अफ्रीका में इतनी बड़ी हार भारत को 31 साल के इतिहास में कभी नहीं मिली। टीम इंडिया अब दूसरा टेस्ट जीतकर भी सीरीज नहीं जीत पाएगी, क्योंकि तब सीरीज का नतीजा 1-1 से ड्रॉ ही रहेगा। पहले टेस्ट में शर्मनाक हार की वजह खराब गेंदबाजी, खराब बैटिंग और इन सब से खराब कप्तानी रही। खैर साउथ अफ्रीका में भारत का कोई भी कप्तान कहां ही अच्छा प्रदर्शन कर सका है। इस देश में भारत ने अब तक 24 टेस्ट खेले, 13 गंवाए और महज 4 जीते। इस दौरान 7 टेस्ट ड्रॉ भी रहे। सीरीज तो भारत ने 9वीं बार खेल ली लेकिन जीत एक बार भी नसीब नहीं हुई।

सेंचुरियन में 26 दिसंबर को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट शुरू हुआ। भारत ने पहले बैटिंग की, विकेटकीपर केएल राहुल के शतक के सहारे टीम ने 245 रन बनाए। बाकी बैटर्स में विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के अलावा कोई कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सका। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 408 रन बना दिए। डीन एल्गर ने 185 रन की पारी खेली। वहीं डेविड बेडिंघम ने 56 और मार्को यानसन ने 84 रन बना दिए। भारत से जसप्रीत बुमराह के अलावा बाकी 3 तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता और रोहित शर्मा की खराब कप्तानी साफ नजर आई। पहली पारी में ही 163 रन से पिछड़ चुकी टीम इंडिया दूसरी पारी में 131 रन ही बना सकी। विराट कोहली ने 76 और शुभमन गिल ने 26 रन बनाए। बाकी 9 बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

रोहित की कप्तानी के बारे में तो क्या ही कहें, 9 टेस्ट के अनुभव के साथ वह साउथ अफ्रीका में उतर गए। विदेश में अपने चौथे ही टेस्ट में कप्तानी कर रहे रोहित को समझ ही नहीं आया कि तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर अपने 4 पेसर्स को किस तरह इस्तेमाल करना है। कप्तानी का मौका तो रोहित को कम ही मिला क्योंकि भारत एक ही बार फील्डिंग कर सका। साउथ अफ्रीका के एक ही पारी के रन भारत की दोनों पारियों पर भारी पड़ गए। लेकिन रोहित की बैटिंग तो कप्तानी से भी ज्यादा खराब रही। वह 2 पारियां मिलाकर भी 5 ही रन बना सके, इनमें एक डक भी शामिल है। खराब बैटिंग और कप्तानी का अंजाम ये हुआ कि भारत 3 दिन में ही टेस्ट हार गया।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को 79 रनों से हराया

स्पोर्ट्स डेस्क। मेलबर्न टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन ही पाकिस्तान को 79 रन से हरा दिया। शुक्रवार को पाकिस्तान दूसरी पारी में 237 रन पर ऑल आउट हो गया। पाक कप्तान शान मसूद और आगा सलमान ने अर्धशतक लगाया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए पहली इनिंग में पांच विकेट लेने वाले टीम के कप्तान पैट कमिंस दूसरी पारी में भी पांच विकेट लिए। कमिंस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।दूसरे टेस्ट में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। पहले टेस्ट में कंगारू टीम 360 रन से जीत दर्ज की थी। तीसरा और आखिरी टेस्ट 3 जनवरी 2024 से सिडनी में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली इनिंग में 318 रन बनाए, जिसके जवाब में पाकिस्तान टीम 264 रन पर ऑल आउट हो गई। इस आधार पर पहली इनिंग में ऑस्ट्रेलिया को 54 रन की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 262 रन बना सका और पाकिस्तान को 317 रन का टारगेट दिया।

कौन मेरा विश्व रिकॉर्ड पहले तोड़ेगा, मुझे इसकी चिंता नहीं : उसैन बोल्ट

नई दिल्ली। डबल (100 मीटर और 200 मीटर) विश्व रिकॉर्ड धारक और आठ बार के ओलंपिक चैंपियन यूसेन बोल्ट इस बात से चिंतित नहीं हैं कि कोई उनका विश्व रिकॉर्ड तोड़ेगा, उन्होंने कहा, उन्हें इसकी चिंता नहीं है। पूरी दुनिया के सबसे तेज़ आदमी ने 2009 में बर्लिन, जर्मनी में विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर का विश्व रिकॉर्ड 9.58 सेकंड का और 200 मीटर का विश्व रिकॉर्ड 19.19 सेकंड का बनाया था। 2017 से एथलेटिक्स से सेवानिवृत्त होने के बावजूद, जमैकन के पास अभी भी दुनिया के सबसे तेज़ आदमी का खिताब है।वर्ल्ड एथलेटिक्स के साथ एक इंटरव्यू में बोल्ट से पूछा गया कि उनका कौन सा रिकॉर्ड सबसे पहले टूटेगा। उन्होंने उत्तर दिया- उनमें से किसी के बारे में चिंतित नहीं हूं।ट्रिपल विश्व चैंपियन नूह लायल्स, अफ्रीका के सबसे तेज़ आदमी फर्डिनेंड ओमानयाला और पूर्व विश्व चैंपियन फ्रेड केर्ली विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखने वाले एथलीटों में से हैं।

हालाँकि, इनमें से किसी ने भी अब तक यह उपलब्धि हासिल नहीं की है। 100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्पर्धाओं में मौजूदा विश्व चैंपियन लायल्स ने 2023 में बोल्ट के 200 मीटर के 19.19 के रिकॉर्ड को निशाना बनाया लेकिन वह अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर सके। अमेरिकी का 19.31 राष्ट्रीय रिकॉर्ड अब तक का तीसरा सबसे तेज़ समय बना हुआ है।फिर भी, स्प्रिंट स्टार का मानना है कि आज के एथलीटों के लिए 100 मीटर रिकॉर्ड का पीछा करना अधिक चुनौतीपूर्ण होगा। बोल्ट ने कहा, मुझे लगता है कि 100 मीटर को तोड़ना कठिन होगा क्योंकि यह तेज़ है, और यदि आप दौड़ के दौरान कोई गलती करते हैं तो आप इसे प्राप्त नहीं कर पाएंगे। यह बहुत अधिक तकनीकी है इसलिए मुझे लगता है कि शायद 100 मीटर सबसे आखिर में जाएगा ।

डोपिंग स्कैंडल : 25 खिलाड़ियों पर लगा बैन



नई दिल्ली। 2023 का सबसे बड़ा डोपिंग स्कैंडल सामने आया है। जिसके चलते 2 दर्जन से अधिक खिलाड़ियों का करियर दांव पर लग गया है। इस डोपिंग स्कैंडल के सामने आने से भारतीय ओलंपिक संघ की भी नींद हराम हो गई है। सूत्रों के अनुसार इस डोपिंग स्कैंडल में जो खिलाड़ी फंसे हैं, उनमें से कई खिलाड़ी नेशनल लेवल पर पदक भी जीते चुके हैं। ऐसे में अब इन खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय करियर भी खत्म हो सकता है।

इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने सभी खिलाड़ियों पर तत्काल प्रभाव से बैन लगा दिया है। अब इस मामले में इन खिलाड़ियों क्या कार्रवाई होती है, यह देखने वाली बात होगी। राष्ट्रीय डोप टेस्ट लेबोरेटरी में अभी भी डोपिंग की जांच की जा रही है, ऐसे में इस स्कैंडल में फंसने वाले खिलाड़ियों की संख्या बढ़ सकती है।गौर होकि 25 अक्टूबर से 9 नवंबर 2023 के बीच गोवा में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया गया था। इन खेलों में हिस्सा लेने वाले 25 खिलाड़ी डोपिंग स्कैंडल में फंस गए हैं। डोपिंग स्कैंडल में फंसने वाले खिलाड़ियों में 9 एथलीट और सात वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी शामिल हैं। अब नाडा ने आदेश दिया है कि राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों के बी सैंपल की जांच की जाए।

विश्व कप 2023 ने प्रसारण और डिजिटल रिकॉर्ड तोड़ा

दुबई। भारत में आयोजित आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने दुनिया भर में प्रसारण और डिजिटल रिकॉर्ड तोड़ दिए, जिससे यह अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप बन गया।

इस आयोजन में, जिसने ऑस्ट्रेलिया को छठी बार चैंपियन का ताज पहनाया, प्रसारण के 1 ट्रिलियन वैश्विक लाइव देखने के मिनटों का रिकॉर्ड दर्ज किया गया, जिसमें वर्टिकल वीडियो फ़ीड जैसे नए तकनीकी नवाचार शामिल थे, जो प्रशंसकों को उनके मोबाइल उपकरण पर एक आसान और अधिक सहज देखने का अनुभव प्रदान करता है।

2011 में भारतीय उपमहाद्वीप में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले संस्करण की तुलना में वैश्विक लाइव देखने के घंटों में 38% की वृद्धि हुई, और 2019 की तुलना में 17% की वृद्धि हुई जब यह यूनाइटेड किंगडम में आयोजित किया गया था। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया फाइनल अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला आईसीसी मैच बन गया। वैश्विक स्तर पर 87.6 बिलियन लाइव व्यूइंग मिनट थे, जो 2011 के फाइनल की तुलना में 46त्न की वृद्धि दर्शाता है जिसमें सह-मेजबान भारत और श्रीलंका शामिल थे। यह आयोजन 209 क्षेत्रों में कुल 20 प्रसारण भागीदारों द्वारा किया गया था। पहली बार, हिंदी कवरेज भारत के बाहर ईएसपीएन+, फॉक्स स्पोर्ट्स, स्काई स्पोर्ट्स और विलो टीवी द्वारा उपलब्ध कराया गया था।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा- हमें पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए रिकॉर्ड-तोड़ दर्शकों की संख्या और जुड़ाव संख्या की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिससे यह अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप बन गया है। अविश्वसनीय संख्याएं दुनिया भर में आईसीसी आयोजनों के प्रति बढ़ती रुचि और नवोन्मेषी और आकर्षक सामग्री की खपत को दर्शाती हैं जिसका प्रशंसक आनंद ले सकते हैं।

सभी क्षेत्रों में दर्शकों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से बढ़ रही है, विशेष रूप से मेजबान देश भारत में, जहां यह अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला क्रिकेट विश्व कप बन गया, अकेले डिज्नी स्टार नेटवर्क पर 422 बिलियन व्यूइंग मिनट के साथ, जिसके परिणामस्वरूप 2011 की तुलना में 54% की भारी वृद्धि हुई और एक महत्वपूर्ण वृद्धि हुई- 2019 से 9% की वृद्धि।

यह टूर्नामेंट भारत में सबसे अधिक प्रसारित हुआ, 2011 की तुलना में लगभग पांच गुना अधिक कवरेज, उन 22 चैनलों को धन्यवाद जिन्होंने टूर्नामेंट को नौ अलग-अलग भाषाओं (अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, गुजराती, बंगाली, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम) में दिखाया।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के 2011 संस्करण में महिला दर्शकों की हिस्सेदारी 32% से बढ़कर इस वर्ष 34% हो गई, जो देश के घरेलू टूर्नामेंट को लेकर सार्वभौमिक उत्साह को दर्शाता है।

बिजनेस

पीएलआई योजनाओं से आया 95 हजार करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के कारण सितंबर तक 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है, इसके परिणामस्वरूप 7.80 लाख करोड़ रुपये के सामान का उत्पादन हुआ है। यह जानकारी मंगलवार को वाणिज्य उद्योग विभाग ने दी। 14 क्षेत्रों में शुरू की गई पीएलआई योजनाओं ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 6.4 लाख से अधिक रोजगार पैदा किए हैं।

निर्यात को 3.20 लाख करोड़ रुपये का बढ़ावा मिला है। बयान में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 2,900 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन वितरित किया गया है। तीन साल की अवधि में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में 20 प्रतिशत का वैल्यू एडिशन हुआ है। मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में स्मार्टफोन का योगदान 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, इसमें 11.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात भी शामिल है।

दूरसंचार क्षेत्र में 60 प्रतिशत का आयात प्रतिस्थापन हासिल किया गया है और भारत एंटीना, जीपीओएन (गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क) और सीपीई (ग्राहक परिसर उपकरण) में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है। फार्मा सेक्टर में कच्चे माल के आयात में उल्लेखनीय कमी आई है। भारत में पेनिसिलिन-जी सहित अद्वितीय मध्यवर्ती सामग्री और थोक दवाओं का निर्माण किया जा रहा है, और सीटी स्कैन, एमआरआई इत्यादि जैसे चिकित्सा उपकरणों के निर्माण में प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण हुआ है।ड्रोन सेक्टर के टर्नओवर में सात गुना उछाल देखा गया है, इसमें सभी एमएसएमई स्टार्टअप शामिल हैं। बयान में बताया गया है कि खाद्य प्रसंस्करण के लिए पीएलआई योजना के तहत, भारत से कच्चे माल की सोर्सिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, इससे भारतीय किसानों और एमएसएमई की आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। एसी और एलईडी लाइट जैसी सफेद वस्तुओं के लिए पीएलआई योजना में 64 कंपनियों ने निवेश किया है, जो कुल मिलाकर 5,429 करोड़ रुपये है। लगभग 48,000 व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने वाले क्षेत्र में 6,766 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की परिकल्पना की गई है।योजना अवधि के दौरान शुद्ध वृद्धिशील उत्पादन 1.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। जबकि 13 विदेशी कंपनियां इस योजना के तहत 2,090 करोड़ रुपये का निवेश कर रही हैं, अन्य 23 एमएसएमई आवेदकों ने योजना के तहत 1,042 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

बॉक्स ऑफिस पर प्रभास की फिल्म सालार दुनियाभर में बनी 500 करोड़ी

प्रभास की सालारः पार्ट 1 - सीजफायर 22 दिसंबर को रिलीज होने के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। इसका निर्देशन प्रशांत नील ने किया है, जो इससे पहले केजीएफ जैसी सुपरहिट फ्रैंचाइजी दर्शकों के बीच पेश कर चुके हैं। फिल्म ने अब तक कमाई के कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं।वीकेंड पर धुआंधार कमाई करने के बाद कामकाजी दिनों में भी इस फिल्म का टिकट खिड़की पर जलवा बरकरार है। सालार की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो गिरावट देखने को मिली है।रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने बुधवार को 17 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 297.40 करोड़ रुपये हो गया है।भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सालार की कमाई 300 करोड़ रुपये की ओर है। यह फिल्म काल्पनिक शहर खानसार पर आधारित है और दो दोस्तों (प्रभास और सुकुमारन) पर केंद्रित है। सालार का देश में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में डंका बज रहा है। दुनियाभर में यह फिल्म 500 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर चुकी है।इसी के साथ पठान, जवान, जेलर, एनिमल और लियो के बाद सालार वैश्विक स्तर पर 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली 2023 की छठी भारतीय फिल्म बन गई है।सालार में पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका है। श्रुति हासन और जगपति बाबू भी इसका अहम हिस्सा हैं।

कामधेनु लिमिटेड रायगढ़ में अगले एक वर्ष में अपनी बिक्री को करेगी दोगुनी

रायगढ़। अपने चैनल पार्टनर्स की सफलता का जश्न मनाने और उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए, खुदरा क्षेत्र में ब्रांडेड टीएमटी बार्स के भारत के सबसे बड़े निर्माता और विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने अपने रायगढ़ और ओडिशा के आस पास डीलरों के लिए एक डीलर मीट का आयोजन किया। इस क्षेत्र के डीलरों को विभिन्न श्रेणियों में विभिन्न पुरस्कारों और प्रशंसापत्रों से सम्मानित किया गया। श्री सुनील अग्रवाल, निदेशक, कामधेनु लिमिटेड, कविता मिश्रा एजीएम मार्केटिंग, विशाल अग्रवाल मार्केटिंग हेड छत्तीसगढ़, कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर डीलरों को सम्मानित किया और उन्हें और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। इस बैठक में लगभग 160 डीलरों ने अपने परिवारों के साथ भाग लिया। यह बैठक ओडिशा के गोपालपुर स्थित 'प्रमोद लैंड्स एंड' में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के दौरान, उत्पाद परिचय, नए विपणन और व्यावसायिक रणनीतियों, प्रचार अभियान, ब्रांड जागरूकता अभियान और बिक्री बढ़ाने के लिए अनूठी तकनीकों की शुरूआत पर सत्र भी आयोजित किए गए।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी ने दिया नए साल में निवेश के लिए सुझाव

मुम्बई। नए साल के मौके पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी और सीईओ, आशीषकुमार चौहान ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए निवेशकों को अपने विवेक और परिश्रम के साथ वित्तीय विकास की यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही यह सलाह भी दी कि केवल पंजीकृत मध्यस्थों के साथ ही डील करें और कभी भी अनियमित उत्पादों में निवेश न करें। शेयर बाजार के माध्यम से निवेश दीर्घकालिक धन सृजन के लिए होता है। एक अप्रिय अनुभव निवेशकों को निराश कर सकता है, इसलिए यदि आप शेयर बाजार में नए हैं या विशेषज्ञ नहीं हैं तो सावधानी से चलना महत्वपूर्ण हो जाता है। उच्च जोखिम वाले डेरिवेटिव या शेयर बाजार में बार-बार ट्रेडिंग करने के नुकसान से बचें। भारत की विकास गाथा में प्रतिबद्ध भागीदार बनें और उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें। दीर्घकालिक निवेश आमतौर पर पिछले अनुभवों के आधार पर बेहतर परिणाम देते हैं।

कंगना रनौत की एक्शन पैक्ड तेजस ओटीटी पर होगी रिलीज

कंगना रनौत के लिए साल 2023 अनलकी रहा. एक्ट्रेस की इस साल बैक टू बैक कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहीं. वहीं कंगना को अपनी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेजस' से काफी उम्मीद थी लेकिन ये फिल्म भी दर्शकों को पसंद नहीं आई और एक्ट्रेस की फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई.27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'तेजस' की अब ओटीटी रिलीज की तारीख आ गई है. चलिए यहां जानते हैं कंगना की ये फिल्म कब और किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी.एरियल एक्शन पैक्ड थ्रिलर 'तेजस' में कंगना रानौत एक भारतीय वायु सेना पायलट की भूमिका निभाई है. इस फिल्म को सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है और रोनी स्क्रूवाला द्वारा इसे प्रोड्यूस किया गया है. वहीं 'तेजस' की अब ओटीटी रिलीज डेट आ गई है. ये फिल्म 5 जनवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 पर प्रीमियर होगी.एक वीडियो में कंगना ने कहा था, दोस्तों, मेरी फिल्म तेजस कल सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. जिसने भी यह फिल्म देखी है, वह हमें बहुत सराहना और आशीर्वाद दे रहा है. लेकिन दोस्तों, कोविड 19 के बाद हमारी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पूरी तरह से ठीक होने में सक्षम नहीं रही है. 99त्न फिल्मों को दर्शकों द्वारा मौका ही नहीं दिया जाता है. मैं जानती हूं कि आज के युग में हर किसी के पास मोबाइल फोन और घर पर टीवी है. लेकिन सिनेमाघरों में सामुदायिक फिल्म देखना जो हमारी सभ्यता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है शुरू से ही. डांस, कला... हर तरग के नृत्य, लोकगीत... सभी जरूरी हैं. इसलिए, यह हिंदी फिल्म दर्शकों और विशेष रूप से मल्टीप्लेक्स दर्शकों से मेरी रिक्वेस्ट है... अगर आपको उरी पसंद आई, मैरी कॉम और नीरजा, तो तेजस भी पसंद आएगा.हालांकि कंगना की तेजर को थिएटर्स में ऑडियंस ने बुरी तरह नकार दिया।

गुजरात में ईवी प्लांट लगाएगी टेस्ला, मस्क के भारत आने की संभावना

नई दिल्ली। एलन मस्क की टेस्ला आखिरकार भारत में अपना ड्राई रन खत्म कर सकती है और अगले महीने 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' के दौरान गुजरात में एक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) आपूर्ति प्रणाली विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की घोषणा कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घोषणा 10-12 जनवरी के प्रमुख कार्यक्रम में टेस्ला के सीईओ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में किए जाने की संभावना है। अपनी रणनीतिक स्थिति और अनुकूल कारोबारी माहौल के साथ, गुजरात टेस्ला की विनिर्माण योजनाओं के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरा है। अहमदाबाद मिरर के अनुसार, राज्य सरकार ने टेस्ला को अपना विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए साणंद, बेचराजी और धोलेरा के नाम सुझाये हैं। इससे पहले, टेस्ला द्वारा अपना ईवी प्लांट स्थापित करने के लिए गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु पर विचार किया जा रहा था। टेस्ला केंद्र सरकार के साथ गहन बातचीत में लगी हुई है। वह ऐसी रियायतें मांग रही है जो भारतीय बाजार में आसान प्रवेश की सुविधा प्रदान करेंगी। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने नवंबर में कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट में टेस्ला की अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा का दौरा किया था। गोयल ने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय इंजीनियरों और वित्त पेशेवरों को वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए और गतिशीलता में बदलाव के लिए टेस्ला की उल्लेखनीय यात्रा में योगदान करते हुए देखकर बेहद खुशी हुई। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, टेस्ला की ईवी आपूर्ति श्रृंखला में भारत से ऑटो कंपोनेंट आपूर्तिकर्ताओं के बढ़ते महत्व को देखकर भी गर्व है। यह भारत से अपने घटकों के आयात को दोगुना करने की राह पर है। एलन मस्क की चुंबकीय उपस्थिति की कमी2 खली। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मस्क ने गोयल से माफी मांगी थी कि वह अस्वस्थ होने के कारण उनसे नहीं मिल सके।मस्क ने उत्तर दिया, आपका टेस्ला आना सम्मान की बात थी! आज कैलिफ़ोर्निया की यात्रा नहीं कर पाने के लिए मुझे खेद है, लेकिन मैं भविष्य की किसी तारीख़ पर मिलने की आशा रखता हूँ। जून में स्पेसएक्स और एक्स के मालिक ने अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और खुलासा किया।

इंडिगो भी भरेगा अब बस्तर से उड़ान, कमर्शियल फ्लाइट संचालन की मिली अनुमति

जगदलपुर/नवप्रदेश। अब एलाइंस एयर ही नहीं बल्कि इंडिगो का विमान भी बस्तर एयरपोर्ट से उड़ान भरेगा। इंडिगो को कमर्शियल फ्लाइट संचालन की अनुमति मिल चुकी है। मार्च से रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद के बीच दोनों तरफ से इंडिगो विमान अपनी सेवा देगा। वहीं काफी संबे समय से बस्तर को दिल्ली से जोड़ने की मांग चल रही है, जिस पर एलाइंस एयर के प्रस्ताव को ही आगे बढ़ाने पर सहमति मिली है।

इस पर एलाइंस एयर ने कहा कि फिलहाल उनकी 72 यात्री विमान सेवा दिल्ली-जबलपुर के बीच सप्ताह में दो दिन चलाई जा रही है। इसे दो या तीन दिन तक दिल्ली-जबलपुर-जगदलपुर और जगदलपुर-जबलपुर-दिल्ली के बीच संचालित किया जा सकता है। लेकिन कंपनी की समस्या है कि उसे आने-जाने में कम से कम 12 लाख रुपए राशि का राजस्व प्रति उड़ान मिलना चाहिए। अगर इससे कम का राजस्व होता है तो इसके लिए राज्य सरकार अनुबंध तय करे तो ही सेवा शुरू की जा सकती है।

बस्तर को जल्द मिल सकती है इंटरनेशनल विमान कनेक्टिविटी

जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि, इसके लिए भी विकल्प ढूंढे जा रहे हैं। जल्द से जल्द बस्तर के लोगों को दिल्ली उड़ान की सुविधा मिल सकती है। लेकिन अभी इंडिगो एयरलाइंस की सुविधा मिलने से बस्तर-हैदराबाद के बीच सफर आसान होगा। जल्द ही बस्तर के पास इंटरनेशनल कनेक्टिविटी के लिए भी बेहतर विमान सेवा होगी। वहीं अब क्षेत्र में एनएमडीसी स्टील प्लांट की औद्योगिक गतिविधियां तेज होने जा रही हैं। इससे आसपास अन्य प्लांट भी तैयार होंगे और क्षेत्र में परिवहन, यात्री विमान सेवा कनेक्टिविटी भी ठीक से हो सकेगी।

कापसी नाले के पास मिला नवजात का शव

पाटन/नवप्रदेश। रायपुर बॉर्डर में अमलेश्वर थाना क्षेत्र में एक 9 माह की नवजात बच्ची का शव बरामद हुआ है। किसी ने बच्ची के शव को झोले में भरकर नाली में फेंक दिया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना अमलेश्वर पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार सुबह उन्हें सूचना मिली की महुदा और कापसी गांव के बीच नाली में 8-9 माह की बच्ची का शव पड़ा हुआ है। तुरंत पुलिस की एक टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने देखा कि खिलेश क्लाथ स्टोर झीट पाटन दुकान के एक झोले में बच्ची का शव भरकर नाली में फेंका गया था। पुलिस ने तुरंत शव को अपनी सुपुर्दगी में लिया। जांच करने पर डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए पाटन सीएचसी भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पीएम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा कि बच्ची की मौत कैसे हुई। उसके बाद मामले अहम सबूत मिलेंगे।अमलेश्वर पुलिस बच्ची के परिजनों और माता पिता का पता लगाने के लिए जांच में जुट गई है। पुलिस एक दो दिन में पैदा हुआ बच्चों का डिटेल खंगाल रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है कि किसी ने इस तरह के बैग के साथ किसी को देखा है।

प्रसूता की मृत्यु, जांच रिपोर्ट की मांग करने अस्पताल पहुंची महिलाएं

■ **स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन**

बचेली/नवप्रदेश। बीते दिनों प्रसूता की डिलीवरी के समय आपरेशन थियेटर में सेहत बिगड़ने के बाद रायपुर रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान महिला की मृत्यु हो गई। परिजनों के मुताबिक बचेली एनएमडीसी अपोलो अस्पताल में महिला को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। जहां उसे आपरेशन करने से पहले एनीस्थिसिया दिया गया था। इसके बाद अचानक महिला की तबीयत बिगड़ी। इस दौरान डाक्टरों ने फौरन आपरेशन करके बच्चे की जान बचा ली थी। महिला की हालत नाजुक थी डाक्टरों के प्रयास के बाद भी जब महिला की सेहत में सुधार नहीं हुआ तो एंबुलेंस के माध्यम से रायपुर बड़े अस्पताल महिला को शिफ्ट किया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मृत्यु हो गई थी।

इसके बाद बीते दिनों महिलाएं एकत्रित हुई और अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग कर न्याय दिलाने की बात कही।

महिला की मौत के मामले में शुक्रवार 29 दिसंबर को बड़ी संख्या में महिलाओं ने एनएमडीसी अपोलो अस्पताल के द्वार के सामने नारेबाजी करते हुए जांच रिपोर्ट की मांग की। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने ज्ञापन भी सौंपा। महिलाओं का कहना था कि एनएमडीसी जैसी नौ रत्न कंपनी होने के बावजूद स्थानीय लोगों को बेहतर इलाज के लिए बाहर दूसरे महानगरों की तरफ जाना पड़ता है। स्थिति तब खराब होती है जब कोई आपातकालीन चिकित्सा संबंधी कार्य हो ऐसे में लगभग 500 किलोमीटर की दूरी कई मरीजों की मौत का कारण बन चुकी है। अस्पताल में सिटी स्कैन सहित अन्य कई उपकरणों की कमी है। विशेषज्ञ डॉक्टर भी नियुक्त किए जाने चाहिए। जिससे स्थानीय लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सके।

एनएमडीसी अपोलो सीएमए डाक्टर हक के मुताबिक मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। जिसकी जल्द ही रिपोर्ट आते ही सारी बातें निकलकर आ जाएगी। बाकी अस्पताल में लगातार बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की कोशिशें की जा रही है। समय समय पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्थानीय लोगों को लाभ प्रदान करती है। एनएमडीसी के सहयोग से अस्पताल को अपडेट किया जा रहा है। बीते दिनों लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस का लोकार्पण भी किया गया था। डाक्टरों की नियुक्ति सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय लोगों को मिले इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है।

नहीं मिली एंबुलेंस, नवजात ने तोड़ा दम

गौरेला/ पेंड्रा/ मरवाही/नवप्रदेश। मरवाही क्षेत्र में एम्बुलेंस सेवा कई मामले में दम तोड़ती नजर आ रही है, जिसका खामियाजा जच्चा-बच्चा दोनों को भुगतना पड़ रहा है।

ऐसा ही एक मामला सामने आया है, मरवाही के पास एक चंगेरी गांव में सामने आया है। जहां पर एक प्रसूती महिला हीरावती को प्रसव पीड़ा होने लगा, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस 102 को कॉल किया, कॉल करने पर 102 में काम करने वाले कर्मचारियों ने पहले परिजनों को आधे घंटे का समय दिया। लेकिन एक घंटा बीत जाने के बाद भी एम्बुलेंस मौके पर नहीं पंहुचा, महिला का प्रसव पीड़ा बढ़ गया था और महिला का घर पर ही प्रसव हो गया। उसके बाद मौके पर एम्बुलेंस पहुंचा लेकिन उसमें टेक्नीशियन नहीं था। टेक्नीशियन नहीं होने के बाद भी जच्चा-बच्चा को एम्बुलेंस में बैठाकर हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था। लेकिन प्रसव के बाद सही समय पर समुचित इलाज न मिलने से नवजात शिशु ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, परिजनों ने रोते-रोते महतारी एक्सप्रेस पर लापरवाही का आरोप लगाया है और कहा कि एम्बुलेंस की देरी के कारण ऐसा हुआ है।

इस घटना के बाद ग्राणीणों का कहना है कि, स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लगातार शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं होती है। आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा समय में कभी नहीं पहुँचती है। साथ ही साथ एम्बुलेंस में इमरजेंसी मेडिकल टैक्नीशियन भी नहीं होते है। जिसका खामियाजा मरीजों को भुकतना पड़ता है।

और ऐसी ही लाचार स्वस्थ सुविधा के कारण नवजात शिशु रास्ते में ही दम तोड रहे हैं। आदिवासी अंचल होने से मरवाही क्षेत्र में महतारी एक्सप्रेस की व्यवस्था भगवान भरोसे चल रहा है।

कोरिया में मिले भालू के बच्चे, जंगल सफारी लाए गए

बैकुंठपुर/रायपुर/नवप्रदेश। कोरिया वनमंडल के चिरमिरी परिक्षेत्र के ग्राम बहालपुर के जंगल में बुधवार को भालू के दो शावक मिले। जो अपने मां से बिछड़ गए थे। वन विभाग के आलाअफसरों ने उन्हे रायपुर के जंगल सफारी में भेजा, जहां उनका इलाज चल रहा है। डाक्टरों की देखरेख में इन शावकों को बकरी का दूध पिलाकर बचाने की कोशिश की जा रही है। इसमें एक दुर्लभ सफेद भालू और दूसरा काला भालू का शावक हैं। बहुत छोटे होने के कारण ग्रामीण उन्हें जंगल से उठाकर अपने गांव ले गए।

चिरमिरी में सफेद भालू: आमतौर पर सफेद भालू उत्तरी ध्रुव में पाए जाते हैं। लेकिन चिरमिरी में सफेद भालू मिलने से सभी हैरान

है। बहालपुर जंगल की ओर गए ग्रामीणों की नजर जब अचानक भालू के दोनों शावकों पर पड़ी तो वे हैरान हो गए। उनकी हैरानी की वजह था भालू का सफेद शावक। सफेद भालू को देखकर वे उत्साहित हुए और भालू के दोनों बच्चों को उठाकर गांव ले आए। भालू के शावकों को देखने पूरा गांव इकट्ठा हो गया। फिर उन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना दी।

रायपुर जंगल सफारी भेजे गए भालू: सफेद भालू का शावक मिलने की सूचना पर वन विभाग भी बिना देरी किए गांव पहुंचा। विभाग के कर्मचारियों के साथ अधिकारी भी सफेद भालू के बच्चे को देखने पहुंचे। ग्रामीणों ने शावकों को उनके सुपुर्द कर दिया। वेटनरी ऑफिसर से भालू के शावकों का मेडिकल टेस्ट कराया गया, जिसमें दोनों स्वस्थ बताए गए। डिप्टी रेंजर एस डी सिंह ने बताया कि दोनों शावकों को रायपुर जंगल सफारी भेजा गया है। कोरिया वनमंडल अंतर्गत चिरमिरी के जंगल में पहले भी दुर्लभ सफेद भालू देखे गए हैं।

एक ऐसी पाठशाला जहां मस्ती करते हुए पढ़ाई करते हैं बच्चे

कोरबा/नवप्रदेश। कोयला, एल्युमिनियम, बिजली सहित कई उद्योगों के कारखाने का संचालन कोरबा जिले में हो रहा है। यहां से सबसे अधिक राजस्व प्रदेश को प्राप्त होता है। विकास के मामले में अग्रणी होने के बावजूद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का आलोक अब तक नहीं बिखर सका है। इसके लिए कई कारण जिम्मेदार माने जा रहे हैं। ऐसे में अकलतरा के पास भुरूमाटी गांव में बच्चों को औपचारिक शिक्षा देने के लिए मस्ती की पाठशाला चलाई जा रही है। बच्चे खूब मजे के साथ इसमें अपनी भागीदारी दे रहे हैं।

घर में मिलने वाले संस्कार और वहां के परिवेश के आधार पर बच्चे बहुत कुछ सीख लेते हैं और इसलिए मां को सबसे पहला गुरु कहा जाता है। घर की शिक्षा के बाद बच्चों के लिए अगला पड़ाव विद्यालय हुआ करते हैं जहां से वे आगे पढ़ाई करते हैं। यहां से उन्हें शिक्षकों के जरिए ज्ञान प्राप्त होता है। कहीं नर्सरी तो कहीं आंगनबाड़ी और फिर इसके बाद प्राथमिक विद्यालय की बारी आती है, जो बच्चों को अक्षर से आगे की जानकारी देने का काम करते हैं।

बच्चों को शिक्षित करने में जुटीं शीला

क्या हो जब किसी क्षेत्र में इस प्रकार की व्यवस्था ही न हो। इसका जवाब यही हो सकता है कि, कोई और तरीके से बच्चों को जोड़ने के साथ उन्हें शुरुआती शिक्षा देने के लिए काम होगा। जनजतीय बाहुल्य कोरबा विकासखंड के अरतरा पंचायत के भुरूमाटी गांव में मस्ती की पाठशाला शुरू करने के पीछे यही कारण है। गांव में बच्चों को वर्णमाला से लेकर गिनती और पहाड़े की जानकारी देने का काम शीला माझवर कर रही हैं। देवपहरी से पढ़कर शीला बच्चों को पढ़ाने में लगी हुई है। वह बताती हैं कि, यहां से प्राथमिक विद्यालय दूर है और आंगनबाड़ी नहीं है इसलिए इस तरह की कोशिश की जा रही है। बच्चों के हित में यहां पर सेवा धाम ने शेड बना कर दिया है।

दूरस्थ इलाकों में शिक्षा व्यवस्था चुनौतीपूर्ण: शीला बताती हैं कि इस क्षेत्र में सुविधा बढ़ाने की जरूरत है। अगर नियमित रूप से शिक्षा दी जाए तो यहां के बच्चों को काफी लाभ मिल सकेगा। शिक्षा के क्षेत्र को बेहतर करने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है और संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दूरस्थ इलाके में जिस तरह की चुनौतियां बनी हुई है उसे ध्यान में रखने के साथ इस तरफ आवश्यक काम करने के बारे में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को गंभीरता दिखाने की आवश्यकता है।

अमेरी के पंच की पुरी में हुई मौत

पाटन/नवप्रदेश। पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत अमेरी के सरपंच बलराम सूर्यवशी सहित पंचों के साथ वार्ड क्रमांक 4 के पंच संजय यादव 40 वर्ष पुरी(उड़ीसा) घूमने गए थे। इसी दौरान अचानक कोणार्क मन्दिर के पास संजय यादव को चक्कर आ गया। जिन्हें इलाज के लिये पास के पुरी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन उससे पहले ही उनकी मौत हो गई। गुरुवार की दोपहर पंच संजय यादव की लाश एम्बुलेंस के माध्यम से ग्राम अमेरी लाई गई। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

दशगात्र से लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला

रतनपुर/नवप्रदेश। ग्राम परसदा से दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर बिलासपुर लौट रहे बाइक सवार एक युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया, उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई। बिलासपुर देवनंदन नगर निवासी विजय यादव बीती रात रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसदा से एक दशगात्र में शामिल होकर वापस रात 9 बजे के करीब बिलासपुर वापस लौट रहा था, जिनकी बाइक क्रमांक सीजी 10 बीपी 0592 को पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया, घटना ग्राम खैरा के पेट्रोल पंप के पास हुई।

नगर निगम ने सीएंडडी वेस्ट पर लगाया जुर्माना

कोरबा/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा जोनांतर्गत स्थित पुरानी बस्ती, मिशन रोड, पावर हाउस रोड में सी. एण्ड डी. वेस्ट को सड़क किनारे डम्प किए जाने पर 03 व्यक्ति पर 2500 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित कर यह राशि वसूली गई। निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे शहर को साफ सुथरा बनाये रखने हेतु सी. एण्ड डी. वेस्ट के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला ने कोरबा जोन का दौरा किया तथा भ्रमण के दौरान सी. एण्ड डी. वेस्ट डम्पिंग पर नाराजगी जाहिर करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए। कोरबा जोन अंतर्गत सी. एण्ड डी. वेस्ट टीम के उप अभियंता अश्वनी दास, सुनील गुप्ता, अनिल राम के साथ ही राजस्व निरीक्षकों ने स्थल पर पहुंचकर 03 व्यक्तियों पर 2500 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया तथा सी.एण्ड डी. वेस्ट को हटाने की कार्यवाही करने को कहा। तथा नगर पालिक निगम कोरबा के आम जनता से अपील की है कि सी. एण्ड डी. वेस्ट को रोड के किनारे अनावश्यक रूप से न फैलाये जिससे गदंगी फैलती है और साथ ही साथ आवागमन में अवरोध उत्पन्न होती है।